दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। सोमवार 19 जनवरी -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 31 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# कोई भी वोट छूटे नहीं और फर्जी वोट जुड़े नहीं : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक रविवार को गाजियाबाद आये। यहां उन्होंने एसआईआर अभियान 2 की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंन एक सधे हुए वक्ता के रूप में हास्य परिहास के साथ श्रोताओं को गुदगुदाते हुए एसआईआर अभियान को लेकर अपनी बात रखी। यहां कार्यकर्ताओं के ठहाके लगते रहे और इस माहौल में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक कार्यकर्ताओं को एसआईआर 2 अभियान का मूल मंत्र दे गये। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इस बात का ध्यान रखना है कि कोई भी वोट हमसे छूटे नहीं और कोई भी फर्जी वोट इसमें जुड़ना नहीं चाहिए। ब्रजेश पाठक ने बातों ही बातों में हास्य परिहास के साथ पूरे अभियान का सार रख दिया। उन्होंने यहां गम्भीर अंदाज में पूरी बात कही। डिप्टी सीएम ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर काम करना है। हमारे सामने एसआईआर अभियान 2 को लेकर बड़ी चुनौती है। ये चुनौतियां लगातार बढ़ेंगी। उन्होंने पजल गेम का उदाहरण दिया और कहा कि जब हम ये गेम खेलते हैं तो एक दरवाजा पार करने के बाद जब हम दूसरे दरवाजे की ओर बढ़ते हैं तो वो पहले दरवाजे की मुकाबले कठिन होता है। इसलिए जब हम दूसरे अभियान की ओर बढ़ेगे तो हमें उसे आसान नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा आज हिमालय की तरह दीवार बनकर खड़ी है और दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। ये सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी हमारे साथ हैं। भाजपा के लिए अनुकूल रास्तों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनकी सरकार में तैयार किया गया है।

## धर्म और जाति पर वोट ना मांगे तो सपा नहीं जीत पायेगी पार्षदी का चुनाव

करंट क्राइम। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपक्ष को घेरा। यहां उन्होंने विपक्ष शब्द के बाद निशाना ही केवल समाजवादी पार्टी को बनाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष यानी समाजवादी के पास उपलब्धि बताने के लिए कुछ नही है। समाजवादी पार्टी दो काम करती है। वो मतदाताओं को ध्रुविकरण करती है और जाति तथा धर्म के नाम पर वोट मांगती है। भगवान राम और मां दुर्गा उन्हें सदबुद्धि दे। उन्होंने कहा कि अगर जाति और धर्म पर वोट पड़ना बंद हो जायें तो समाजवादी पार्टी पार्षद का चुनाव भी नहीं जीत पायेगी। यहां उन्होंने कहा कि अगर यादव और मुस्लिम को अलग कर दें तो समाजवादी पार्टी के लिए ग्राम प्रधानी का चुनाव भी जीतना मुश्किल को जायेगा।





## खेतिहर मजदूरों को जीरामजी का सच समझाना है

करंट क्राइम। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि जहां मतदाताओं कोअलग अलग वोटर लिस्ट की बात समझाना एक चुनौती है वहीं हमें खेती हर मजदूरों के हित में जीराम जी विजन को गांव गांव जाकर समझाना होगा। भाजपा के कार्यकर्ता गांव गांव जायेंगे। यहां विपक्ष भ्रांति फैला रहा है। जबकि हमें इस सत्य को समझाना होगा। पहले 100 दिन का रोजगार गांव में था और अब 125 दिन की गारंटी है। अब पैसा समय पर मिलेगा और रोजगार नहीं मिलेगा तो उसका भत्ता मिलेगा। पहले बीडीओ तय करते थे और अब ये फैसला ग्राम पंचायत के पास है। अब सूचि बनेगी और 125 दिन के साथ साथ 60 दिनों की और सुविधा मिलेगी तो इस तरह से 185 दिन की गारंटी सरकार दे रही है। ये बातें हमें गांव गांव जाकर समझानी है।



## भाजपा कार्यकर्ता गिना सकता है विकास के काम

करंट क्राइम। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक विपक्ष पर निशाना साध रहे थे और उन्होंने जहां सपा पर धर्म और जाति की राजनीति करने का आरोप लगाया, वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा इस मिथक को तोड़ेगी और धर्मा तथा जाति की राजनीति करने वालों को एक्सपोज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता सर्वोपरि है। हमारा कार्यकर्ता विकास के काम गिना सकता है। पानी, बिजली, सड़क से लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं की एक लम्बी फेहरिस्त है।





## हमें जनता को समझाना है, मतदाता सूची होगी अलग अलग

करंट क्राइम। वन नेशन वन इलैक्शन की अवधारणा को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं के साथ संबोधन में सिरे से खारिज किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि एसआईआर अभियान को लेकर एक भ्रम ये हो गया कि गांव और शहर की एक मतदाता सूचि होगी और यहीं से एक स्थिति बन गयी। उन्होंने कहा कि हमें अब गांव और शहर में जाकर मतदाताओं को ये बात समझानी है। और यही एक चुनौती भी है। इसके लिए हमें एक एक कार्यकर्ता को 12-12 घर सौंपने होंगे। बताना होगा कि गांव और शहर की मतदाता सूचि अलग अलग है। शहर की मतदाता सूचि भारत निर्वाचन आयोग का काम है और गांव की मतदाता सूचि राज्य निर्वाचन आयोग का काम है। इन दोनों का आपस में कोई लेना देना नहीं है। जब भी कभी चुनाव होंगे तो गांव की मतदाता सूचि अलग होगी और शहर की मतदाता सूचि अलग बनेगी। यदि एक मतदाता सूचि की बात कोई कहता है तो इसके लिए संविधान में संशोधन करना पड़ेगा। पंचायती राज एक्ट में संशोधन करना पड़ेगा। हमें मतदाताओं को ये बात समझानी है कि गांव में भी वोट रहेगा और शहर में भी अपना वोट रखो। ये बात में गांव गांव जाकर जनता को बतानी है।



## आज तक किसी सरकार में नही हुए इतना काम

करंट क्राइम। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे थे और वो ये बता रहे थे कि भाजपा अब दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है। इस क्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जितना काम कराया है उतना किसी भी सरकार ने नहीं कराया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह और राजनाथ सिंह भी मुख्यमंत्री रहे हैं, लेकिन किसी भी कार्यकाल में इतना काम नहीं हुआ जितना इस सरकार में हुआ है।

## हम सब हैं परिवार और करें मुझे फोन और पत्राचार

करंट क्राइम। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूरे मूड में थे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता संस्कृति को बताया और फिर वो भाजपा नेताओं के साथ रूबरू हुए। उन्होंने मंच से कहा कि मेरे सामने कोई कमजोर नेता नहीं बैठे हैं। विधायक संजीव शर्मा को संजीव भईया कहकर संबोधित किया। और कहा कि हम सब एक परिवार हैं। सबके पास अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि अगर मुझसे कोई भी काम है तो निसंकोच मुझे फोन करें। कोई भी बात है तो पत्र लिखें, बिल्कुल काम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का परिवार है और यहां कोई प्रोटोकॉल नहीं है। हम सब भाई भाई हैं।







## जो सामने बैठे हैं वो एक दिन मंच पर होंगे

करंट क्राइम। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा एक दल नहीं बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं का एक परिवार है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सबको अवसर मिलता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का उदाहरण दिया। कहा कि जिस दिन उधर वालों का दांव लगेगा वो भी इधर होंगे। अवसर सबके लिए समान है।





## आपकी हमारी जिम्मेदारी विपक्ष की जमानत जब्त कराना

करंट क्राइम। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि आपकी और हमारी ये जिम्मेदारी है कि हम विपक्ष की जमानत जब्त करा दें। उन्होंने एक बार फिर निशाना सपा पर साधा और कहा कि सपा केवल माहौल क्रिएट करती है। कांग्रेस झूठे वादे करती है और उन्होंने खाते में पैसे आने के फार्म भरवा दिये। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी मुस्लिमों को डराती है और यादवों को प्रलोभन देती है कि सरकार आये तो तुम थाना चलाना। उन्होंने कहा कि अब कानून का राज है।



# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी






**संगम में करीब चार करोड़ लोगों ने किया स्नान**

**प्रयागराज।** माघ मेले के तीसरे और प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं। मेला प्रशासन के अनुसार, दोपहर 12 बजे तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे। सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। भोर में कोहरे के बावजूद श्रद्धालुओं की उत्साह और आस्था में कोई कमी नहीं रही। रात 12 बजे के बाद से स्नान शुरू हो गया था। संगम के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं को स्नान करने की व्यवस्था की गई थी। गृह सचिव मोहित गुप्ता मेले की निगरानी करते देखे गए।

इसके अलावा कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम आला अधिकारी व्यवस्था में लगे रहे। स्नान करने वालों का आकड़ा पांच करोड़ के पार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौनी अमावस्या पर संगम में श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश

वहीं, मौनी अमावस्या के मौके पर प्रयागराज के संगम में स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। माघ मेले के दौरान पवित्र स्नान के लिए घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ पर एक हेलीकॉप्टर से फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। इससे पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए नई ऊर्जा, उत्साह और संकल्प की कामना की। एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पवित्र स्नान के लिए संगम पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत किया।


उन्होंने पोस्ट में लिखा, आस्था के महापर्व मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर, पवित्र स्नान के लिए पवित्र संगम पर पधारे सभी पूज्य अखाड़ों, धमार्चार्यों, संतों, साधकों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने सभी के लिए सकारात्मकता और दृढ़ संकल्प की कामना की। उन्होंने आगे कहा, मुक्तिदायिनी मां गंगा और भगवान सूर्य की कृपा से, सभी की मनोकामनाएं पूरी हों, जीवन में नई ऊर्जा, नया उत्साह और नया संकल्प जागे - यही मेरी प्रार्थना है....हर हर गंगे!

इस बीच, प्रयागराज के संगम घाट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है क्योंकि रविवार तड़के मौनी अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए जमा हुए हैं।

प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने कहा कि क्षेत्र में घना कोहरा होने के बावजूद, कई इलाकों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में आए। उन्होंने कहा कि उचित सुरक्षा व्यवस्था की गई है... श्रद्धालु बड़ी संख्या में पवित्र स्नान के लिए आ रहे हैं।

# बंगाल में अब असली परिवर्तन चाहिए : सिंगूर में बोले पीएम मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री मोदी रविवार को असम दौरे के बाद पश्चिम बंगाल पहुंचे। कोलकाता आगमन के साथ ही उन्होंने हुगली जिले के सिंगूर में एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने सिंगूर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने सिंगूर रैली में कहा कि बीते 24 घंटे पश्चिम बंगाल और देश के लिए ऐतिहासिक रहे हैं।



उन्होंने दावा किया कि इतने कम समय में जितना विकास कार्य हुआ है, शायद पिछले 100 साल में भी नहीं हुआ होगा। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी भारत का विकास सबसे जरूरी है और केंद्र सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है।

**मालदा से हुगली तक विकास का संदेश :** प्रधानमंत्री ने कहा कि कल वह मालदा में थे और आज हुगली के सिंगूर में जनता के बीच आने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार का संकल्प है कि पूर्वी भारत को विकास का इंजन बनाया जाए। बीते दो दिनों के कार्यक्रम इसी संकल्प को मजबूत करते हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल के विकास के लिए केंद्र सरकार पूरी ताकत से काम कर रही है।

**रेल कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक फैसले :** पश्चिम बंगाल से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू की गई है।

बंगाल को करीब आधा दर्जन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिली हैं।

तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें दिल्ली, तमिलनाडु और काशी को जोड़ेंगी।

बालागढ़ में बनने वाला एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम हुगली क्षेत्र के लिए नए अवसर खोलेगा।

पीएम मोदी ने बालागढ़ में बनने वाले एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हुगली और आसपास के इलाकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगी। इससे कोलकाता शहर में ट्रैफिक और लॉजिस्टिक दबाव कम होगा और कारोबार को गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा जी पर बने जलमार्ग के जरिए कार्गो मूवमेंट और तेज होगा। इससे उद्योगों को सस्ती और आसान परिवहन सुविधा मिलेगी। पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का यह विस्तार बंगाल को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि पूर्वी भारत को विकास की मुख्यधारा में सबसे आगे लाया जाए। उन्होंने दावा किया कि बीते 24 घंटे में लिए गए फैसले आने वाले वर्षों में बंगाल और पूरे पूर्वी भारत की तस्वीर बदल देंगे।

# पीएम मोदी ने दी असम को 6957 करोड़ की सौगात

## 35 किमी लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर का किया भूमिपूजन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को 6,957 करोड़ के काजीरंगा नेशनल पार्क में 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।



जनसभा को भी संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आज फिर काजीरंगा आने का सौभाग्य मिला है। ऐसे में मुझे अपनी पिछली यात्रा याद आना बहुत स्वाभाविक है। दो वर्ष पहले काजीरंगा में बिताए गए पल मेरे जीवन के बहुत खास अनुभवों में शामिल हैं। मुझे काजीरंगा नेशनल पार्क में रात्रि विश्राम का अवसर मिला था और अगले दिन एलिफेंट सफारी के दौरान मैंने इस क्षेत्र की सुंदरता को बहुत करीब से महसूस किया था। मुझे हमेशा असम आकर एक अलग ही खुशी मिलती है। उन्होंने कहा 'मैं पूरे देश के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को बधाई देता हूं। कल से मैं देख रहा हूं कि बोड़ो परंपरा का यह शानदार नृत्य सोशल मीडिया पर कितना लोकप्रिय हो गया है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ युवा कलाकारों को देखा, जो उनके हाथ से बनाए गए चित्र और स्केच दिखा रहे थे। पीएम मोदी ने यह देखकर अपनी बात रोक दी और कहा-

'यहां कुछ दोस्त चित्र लेकर आए हैं और ऐसे खड़े हैं, उन्हें थकान होगी। कृपया इन्हें भेज दें; मैं अब इन्हें ले लूंगा। अगर पीछे आपका पता लिखा है, तो मेरा पत्र जरूर आप तक पहुंचेगा।

संबोधन दोबारा शुरू करते हुए कहा 'आज भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद बन गई है। बीते एक-डेढ़ वर्षों से भाजपा पर देश का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में बिहार में चुनाव हुए, वहां 20 वर्ष बाद भी जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड वोट दिए हैं और रिकॉर्ड सीटें जिताई हैं। दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के बड़े शहरों में मेयर और पार्षदों के चुनाव परिणाम आए हैं। वहां की जनता ने पहली बार भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश दिया है। केरल के नगर निगम चुनावों में भी लोगों ने भाजपा का भरपूर समर्थन किया और तिरुवनंतपुरम में पहली बार बीजेपी का मेयर बना। बीते कुछ दशकों में जो नतीजे आए हैं, उसका जनादेश स्पष्ट है कि आज देश गुड गवर्नेंस और विकास चाहता है।'

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा 'कांग्रेस का जन्म मुंबई में हुआ था, लेकिन आज शहर में कांग्रेस चौथे-पांचवें स्थान पर खड़ी है। देश का विश्वास कांग्रेस पर नहीं है क्योंकि इसके पास कोई विकास एजेंडा नहीं है।'

'काजीरंगा केवल एक नेशनल पार्क नहीं है। यह असम की आत्मा है। ये भारत की बायो-डायवर्सिटी का एक अनमोल रत्न भी है। यूनेस्को ने इसे वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा दिया है। काजीरंगा और यहां के वन्य जीवों के बचाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं है, बल्कि यह असम की आने वाली पीढ़ी के भविष्य का भी दायित्व भी है।

'हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। गैंडे, हाथी सड़क के किनारे फंस जाते है।

# दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला

## 1.20 लाख की सालाना आय वाले परिवारों का बनेगा राशन कार्ड



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में अब 1.20 लाख रुपये की सालाना आय वाले परिवारों का राशन कार्ड बनेगा। यह फैसला दिल्ली कैबिनेट ने सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि नियमों के अभाव में दिल्ली में 3 लाख 89 हजार 883 से अधिक आवेदन लंबित हैं और 11 लाख 65 हजार 965 से ज्यादा लोग आज भी खाद्य सुरक्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इन्हें अब पारदर्शी और जरूरत-आधारित प्रणाली के तहत शामिल किया जाएगा।

**लंबित आवेदनों का जल्द होगा समाधान**

रेखा गुप्ता ने बताया कि राशन कार्ड बनवाने के लिए राजस्व विभाग की ओर से जारी आय प्रमाणपत्र अनिवार्य किया गया है। नए नियमों के अनुसार ऐसे परिवार जिनके पास दिल्ली में ए से ई श्रेणी की कॉलोनियों में संपत्ति है, जो आयकर देते हैं और जिनके पास चार पहिया वाहन है (रोजी-रोटी के लिए इस्तेमाल होने वाला एक कमर्शियल वाहन इसमें शामिल नहीं है)। परिवार का कोई सदस्य सरकारी सेवा में है या जिनके घर में 2 किलोवाट से अधिक का बिजली कनेक्शन है। ऐसे परिवार इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तरीय समितियों के माध्यम से आवेदनों की जांच, स्वीकृति और प्राथमिकता तय की जाएगी। जिला स्तरीय समिति को प्राथमिकता निर्धारण की केंद्रीय इकाई बनाया गया है। इसकी अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) या अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) करेंगे। समिति में स्थानीय विधायक और संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। 20 प्रतिशत की वेटिंग लिस्ट भी बनाई जाएगी, जिससे रिक्तियों को समय पर भरा जा सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने खाद्य सुरक्षा प्रणाली डेटा की जांच की। डेटा वेरिफिकेशन से पता चला कि लगभग 6 लाख 46 हजार 123 ऐसे लाभार्थी सामने आए जिनकी आय जानकारी नियमों से मेल नहीं खाती थी। 95 हजार 682 ऐसे लोग थे जो लंबे समय से सिस्टम में थे लेकिन लाभ नहीं ले रहे थे। 6,185 मामलों में लाभ मृत लोगों के नाम पर दर्ज था। वर्तमान में 3 लाख 89 हजार 883 से अधिक आवेदन लंबित हैं और 11 लाख 65 हजार 965 से अधिक लोग खाद्य सुरक्षा का इंतजार कर रहे हैं।

**योजना से बाहर रहेंगे ये लोग :** नए नियमों के तहत पात्रता तय करने के लिए राजस्व विभाग की ओर से जारी आय प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया है।

इसके साथ ही स्व-प्रमाणन (सेल्फ वेरिफिकेशन) की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन परिवारों के पास ए से ई श्रेणी की कॉलोनियों में संपत्ति, जो आयकर देते हैं, जिनके पास चार पहिया वाहन है।

# दिल्ली में सांसों का 'आपातकाल'

## गंभीर श्रेणी में पहुंची फिजा, ग्रैप-4 लागू

**नई दिल्ली।** राजधानी में लगातार चार दिन से बेहद खराब श्रेणी में हवा बरकरार होने के बाद शनिवार को फिजा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार को ग्रेप चार लागू कर दिया। रविवार सुबह दिल्ली का एक्यूआई 400 पार दर्ज किया गया है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 437 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।




केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 381, आनंद विहार में 491, अशोक विहार में 468, आया नगर में 362, बवाना में 473, बुराड़ी में 465, और चांदनी चौक इलाके में 465 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

वहीं, डीटीयू इलाके में 448, द्वारका सेक्टर-8 में 467, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 373, आईटीओ में 450, लोधी रोड में 414, मुंडका में 485, नजफगढ़ में 407, नरेला में 417, पंजाबी बाग में 476, आरकेपुरम में 468, रोहिणी में 484, सोनिया विहार में 475, और वजीरपुर में 481 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण शनिवार को दिल्ली और एनसीआर में एक बार फिर ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं।

# 'एनएसए मामले में दम नहीं, सरकार तारीख ले रही है', सोनम वांगचुक की पत्नी का बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता और मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित सोनम वांगचुक की एनएसए के तहत गिरफ्तारी को लेकर उनकी पत्नी गीतांजलि अंगमो ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई ठोस आधार नहीं है, इसी वजह से सरकार अदालत में तारीख पर तारीख मांग रही है।




समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में गीतांजलि अंगमो ने कहा कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी सिर्फ एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि यह देश में लोकतंत्र की स्थिति को दशार्ती है।

गीतांजलि अंगमो ने कहा यह सिर्फ सोनम की बात नहीं है, यह उस शक्ति के दुरुपयोग की कहानी है जिसके तहत देश के लिए काम करने वाले लोगों को अवैध रूप से हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने चिंता जताई कि इस मामले पर समाज और राजनीति से उतनी मजबूत प्रतिक्रिया नहीं आई, जितनी आनी चाहिए थी।

अंगमो ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत आरोपी को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने चाहिए थे, लेकिन सोनम वांगचुक को अहम वीडियो 28वें दिन दिए गए। उन्होंने कहा कि यह सेक्शन 8 और सेक्शन 11 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके चलते यह हिरासत आदेश शुरूआत से ही अवैध हो जाता है। गीतांजलि अंगमो का आरोप है कि जिला मजिस्ट्रेट का आदेश पुलिस द्वारा भेजे गए प्रस्ताव का कॉपी-पेस्ट है और उसमें स्वतंत्र रूप से दिमाग नहीं लगाया गया।

# 14 दिनों में चार करोड़ की ठगी

## दिल्ली पुलिस ने 8 ठगों को दबोचा



**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस टीम ने एक बड़े अंतरराज्यीय निवेश धोखाधड़ी सिंडिकेट का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में आठ कुख्यात साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है, जो लोगों को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से लुभावनी फर्जी निवेश योजनाओं में फंसाकर ठगी करते थे।

अतिरिक्त डीसीपी, अभिमंयु पोसवाल ने बताया कि यह गिरोह लोगों से व्हाट्सएप पर संपर्क कर उन्हें गलत निवेश योजनाओं में पैसे लगाने के लिए प्रेरित करता था। शिकायत प्राप्त हुई, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद गठित टीम ने तकनीकी निगरानी, डिजिटल फोरेंसिक और पैसों के प्रवाह के विश्लेषण के माध्यम से जांच की। इस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि गिरोह ने मात्र 14 दिनों के भीतर चार करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन किया था। जांच में पता चला कि इस मामले में शामिल सभी बैंक खाते देश भर से प्राप्त राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की शिकायतों से जुड़े थे। यह इस बात का संकेत है कि इसका जाल विभिन्न हिस्सों में फैला हुआ था।

पुलिस ने तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में यह भी पता चला है कि इस गिरोह के मुख्य संचालक कंबोडिया में बैठे थे, जो दूर से ही इस धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड और कई बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज बरामद किए हैं।

# झांसी में खौफनाक हत्याकांड : रिटायर रेलकर्मी ने किए पत्नी के टुकड़े-टुकड़े

**झांसी।** झांसी के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र की ब्रह्म नगर कॉलोनी में दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है। यहां एक रिटायर रेल कर्मचारी ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और बदबू छिपाने के लिए करीब एक हफ्ते तक कमरे के अंदर रोज आग जलाता रहा। शनिवार रात पुलिस को इसका पता चला।



बताया जा रहा है कि रेलवे से रिटायर कर्मचारी बृजभान अपनी तीसरी पत्नी प्रीति के साथ किराए के मकान में रहता था।आरोपी ने करीब एक सप्ताह पहले वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद शव को कमरे में ही छिपा दिया और लगातार आग जलाकर उसके अंगों को काट काट कर जला रहा था।

जब कुछ अंगों को वह नहीं जला सका तो शनिवार रात उसने एक ऑटो बुलाया। ऑटो में सूटकेस में बचे टुकड़े भरकर रख दिया। खुद पीछे-पीछे आने की बात कही। ऑटो चालक जब मिनर्वा चौराहे के पास पहुंचा तब, वह पीछे से गायब हो गया।

ऑटो चालक काफी देर तक उसका इंतजार करता रहा। उसके ना पहुंचने पर पुलिस को बताया। पुलिस ने जब सूटकेस खुलवाया तब उसने महिला के अंग मिले। यह देखकर पुलिस चौंक उठी उठी। तुरंत सीपरी बाजार पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ऑटो चालक को लेकर कॉलोनी पहुंची। यहां से तब बृजभान भाग निकला था। पुलिस उसे तलाश कर रही है।

**कमरे में मिले अवशेष :** कमरे की तलाशी लेने पर जले हुए अवशेष मिले। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

घटना के बाद से ब्रह्म नगर कॉलोनी में दहशत का माहौल है। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# मुकदमा दर्ज होने पर भड़के संजय सिंह

**लखनऊ।** यूपी के वाराणसी के मणिकर्णिका घाट को तोड़े जाने पर दिए गए बयान पर आप सांसद संजय सिंह पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस पर संजय सिंह ने सरकार पर पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि, 'मोदी के लोकसभा क्षेत्र में मणिकर्णिका घाट को तहस नहस किया गया। मंदिरों को तोड़ा गया। काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाली माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा भी तोड़ी गई।'

उन्होंने आगे कहा कि, 'इसका विरोध काशी के साधुओं ने किया। अहिल्याबाई होलकर के परिवार ने किया।

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री कुमारी कुमकुम के गलत आचरण व व्यवहार से तंग व परेशान होकर उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी
सुरेश गौतम पुत्र स्वर्गीय बीदू
निवासी- मकान नंबर 262, गली नंबर 6, संदीप एनक्लेव, अकबरपुर बहरामपुर, पार्ट 2, थाना-रिपब्लिक क्रॉसिंग, जिला, गाजियाबाद

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...






# डिप्टी सीएम आये तो क्यों रहा बड़ी विधानसभा में मौसम इतना उदासीन

## जनप्रतिनिधियों ने बना ली दूरी और चेहरे फोकस में रहे केवल तीन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में लॉबिंग होना एक सामान्य बात है। गुटबाजी हर दल में होती है और अलग अलग तरीकों से हर दल में नेता अपना बल लेकर चलते हैं। लेकिन सभी दलों में एक सामान्य बात ये होती है कि जब कोई संगठन का बड़ा पदाधिकारी आयेगा या सरकार का बड़ा मंत्री , डिप्टी सीएम, सीएम आयेंगे तो फिर तकरार भूलकर पूरा परिवार एक साथ नजर आयेगा।

देश की सबसे बड़ी विधानसभा में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम आये। डिप्टी सीएम आ रहे हैं तो जाहिर सी बात है कि उनके स्वागत में जनप्रतिनिधि भी रहे। डिप्टी सीएम एक ऐसे कार्यक्रम की समीक्षा करने आ रहे हैं जो संगठन का भी है और सरकार का भी है तो यहां एक प्रोटोकॉल बनता है। लेकिन रविवार को जब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आये तो यहां जनप्रतिनिधि ही मौजूद नहीं थे। कोई बड़ा नेता यहां नहीं था।

अब सवाल यही उठ रहा है कि क्या आयोजकों ने सूचना नहीं दिया, कार्यक्रम का निमंत्रण नहीं था या फिर ऐसी कोन सी मजबूरी थी जो जनप्रतिनिधियों ने दूरी बना ली। साहिबाबाद विधानसभा के विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ही नहीं थे। प्रेरणा स्थल अटल चौक से जब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपना संबोधन दिया तो बताते हैं कि यहां पर वैसे सुनने वाले तो सैकड़ों कार्यकर्ता थे लेकिन फोकस में चेहरे तीन थे। वैसे तो कार्यक्रम में कई कार्यकर्ता थे लेकिन यहां मुक्ष्य रूप से पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी, रवि भाटी थे । शालीमार गार्डन में 80 फुटा रोड पर प्रोग्राम था और गाजियाबाद में कविनगर के जानकी भवन में प्रोग्राम था। लेकिन अजीब सीन ये था कि साहिबाबाद में कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। चर्चा भाजपा में है कि एसआईआर अभियान से लेकर प्रतिमा तक आखिर ऐसा क्या था कि कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। लोकसभा सांसद नहीं पहुंचे, मेयर नहीं पहुंचीं और इस विधानसभ के विधायक भी नहीं पहुंचे। कई पार्षद भी नहीं पहुंचे। अब चर्चा इस बात को लेकर है कि ऐसा क्या हुआ कि पार्षदों से लेकर सांसद दूरी बना गये, विधायक से लेकर मेयर ने दूरी बना ली। उदासीनता सी छायी रही और चर्चा अब ये है कि क्या सबकुछ पहले से तय था। क्योंकि जब जानकी भवन में कार्यक्रम हुआ तो वहां भी कोई मंत्री नहीं पहुंचा, मेयर नहीं पहुंचीं सांसद भी नहीं पहुंचे। वहीं चर्चा यह भी है कि संगठन ने अपने फॉर्मेट से सूचना पहुंचाई होगी। लेकिन कुछ न कुछ व्यस्तता की मजबूरी नहीं आने वालों के आगे आई होगी। वैसे खास बात यह है कि कई जन प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी के बावजूद दोनों कार्यक्रम सफल रहे।

# जनता पर अधिक कर लादने वाला राजा कभी नहीं हो सकता आदर्श : नंदकिशोर गुर्जर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर उत्तर प्रदेश के क्रांतिकारी विधायकों में गिने जाते हैं। वो अकसर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। उनकी सबसे बड़ी खास बात ये है कि एक बार जो कह दिया उस पर कोई लाग लपेट नहीं करते हैं। वो कभी नहीं कहते हैं कि मेरा कहने का अर्थ ये था वो था। छात्र राजनीति की पाठशाला से वो निकले हैं और आंदोलनकारी नेता का तमगा उन्हें छात्र जीवन में ही मिल गया था। संगठन वाली जिम्मेदारी को भली भांति जानते हैं और भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। लोनी से लगातार दूसरी बात विधायक हैं और कई बार मोर्चा खोल चुके हैं। विधायक नंदकिशोर गुर्जर लोनी को भी नगर निगम में शामिल करने की बात कह चुके हैं। वो ग्रेटर गाजियाबाद के कन्सेप्ट पर काम कर रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने जब लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से बात की तो उन्होंने गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में बढ़ाये गये हाउस टैक्स को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन सिस्टम पर चोट थी। सबसे पहले तो लोनी विधायक ने कहा कि ग्रेटर गाजियाबाद के बनने से यहां विकास का एक नया मार्ग खुलेगा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए अधिक फंड होगा और खास तौर से लोनी के कई क्षेत्रों का उद्धार होगा। उन्होंने कहा कि लोनी के पिछड़े होने की बजह ही यही है कि यहां विकास के लिए एक बड़े बजट की जरूरत है। जिस तरह से खोड़ा और लोनी में कई इलाके ऐसे हैं जो आज भी स्लम एरिया कहे जा सकते हैं।

लोनी को लंदन बनाने का मेरा सपना ग्रेटर गाजियाबाद के गठन से पूरा हो सकता है। यहां उन्होंने लोनी का नगर निगम का दर्जा देने की बात कही। जब बात फंड और विकास को लेकर चली तो दैनिक करंट क्राइम ने उनसे सवाल किया कि जिस तरह से गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में हाउस टैक्स में कई गुना वृद्धि की गयी है और इस वृद्धि के विरोध में भाजपा के ही पार्षद हैं। हाउस टैक्स की इस वृद्धि को लोनी विधायक किस नजरिये से देखते हैं यह सवाल दैनिक करंट क्राइम ने उनसे किया। हाउस टैक्स विषय पर लोनी विधायक ने खुल कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार और कोई भी दल हो किसी भी शासन में हाउस टैक्स का इस तरह से बढ़ना ही पाप है। यहां लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि कोई भी राजा जो जनता पर ज्यादा कर लादता है वो कभी आदर्श नहीं होता।

उन्होंने हाउस टैक्स की वृद्धि और फिर इसके बाद के पूरे सीन को लेकर कहा कि जो भी लोग हाउस टैक्स की कई गुना वृद्धि के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें भी मंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब के घर डकैती डालने के लिए जिम्मेदार चेहरों को इस विषय पर विचार करना चाहिए।

लोनी विधायक ने कहा कि कमीशनबाजी पाप है और कमीशन नेताओं को नहीं लेना चाहिए। मैंने इसीलिए विधायक बनने के बाद ये प्रण लिया था कि कमीशन नहीं लूंगा। लोनी विधायक ने अपने शब्दों के गागर में पूरे सिस्टम के सागर को भरा है। बहरहाल अब लोनी विधायक गृह कर मुद्दे पर अपनी बेबाक राय के जरिये इसे बढ़ाने के खिलाफ हैं और इसे कम करने की हिमायत कर रहे हैं।

## ईरान में विरोध प्रदर्शनों का खौफनाक आंकड़ा आया सामने

# '5 हजार से ज्यादा मौतों का दावा'



**नई दिल्ली।** ईरान में दिसंबर के अंत से शुरू हुए राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन धीरे-धीरे हिंसात्मक होते गया। आर्थिक बदहाली के विरोध में 28 दिसंबर को शुरू हुए ये प्रदर्शन केवल दो हफ्तों में सत्ता परिवर्तन और धार्मिक शासन के अंत की मांग तक पहुंच गया। एक ईरानी अधिकारी के अनुसार, अब तक कम से कम 5,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें लगभग 500 सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं। यह 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद की सबसे घातक अशांति मानी जा रही है।

सरकार ने हिंसा के लिए आतंकवादी और हथियारबंद दंगाइयों को दोषी ठहराया है।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के हस्तक्षेप की चेतावनी दी है अगर प्रदर्शनकारियों की हत्या और सामूहिक फांसी जारी रही। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में तेहरान ने फांसी की कुछ कार्रवाइयों को रोक दिया है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा है कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन दोषियों को सजा जरुर मिलेगी। ईरानी न्यायपालिका ने भी मोहरेब यानी मौत के काबिल अपराध में शामिल कुछ कृत्यों पर फांसी की संभावना जताई है। ट्रंप ने नए नेतृत्व की आवश्यकता पर जोर दिया, जबकि खामेनेई ने

शेष, पृष्ठ 7

## काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर योजना पर पीएम मोदी की सराहना

# यशोदा मेडिसिटी के निदेशक डॉ. पीएन अरोड़ा ने एनएचएआई चेयरमैन आईएएस संतोष यादव के कार्यों को बताया प्रेरणादायी






> काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर योजना आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के रूप में उभरेगी और यह सिद्ध करेगी कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और सक्षम प्रशासनिक नेतृत्व मिलकर देश को सतत विकास की दिशा में आगे ले जा सकते हैं। -डॉ. पीएन अरोड़ा, निदेशक यशोदा मेडिसिटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर योजना की आधारशिला रखे जाने को पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में इसे गर्व और विशेषाधिकार का विषय बताते हुए कहा कि यह परियोजना वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी मजबूती देगी। प्रधानमंत्री की इसी पोस्ट को यशोदा मेडिसिटी के निदेशक डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर री-शेयर किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से संतोष यादव के नेतृत्व, दूरदृष्टि और कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सफलता का प्रमुख सूत्रधार बताया। डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने अपने संदेश में कहा कि आईएएस अधिकारी संतोष यादव की सोच और निरंतर परिश्रम के चलते काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर जैसी संवेदनशील और दूरगामी महत्व की योजना को प्रभावी ढंग से आकार मिला है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विकास और प्रकृति संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट विजन और मार्गदर्शन में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देश में ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ा रहा है, जो केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी का भी मजबूत संदेश देते हैं। संतोष यादव जैसे अधिकारियों की भूमिका इसमें निर्णायक रही है।

डॉ. अरोड़ा के अनुसार, काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर योजना आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के रूप में उभरेगी और यह सिद्ध करेगी कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और सक्षम प्रशासनिक नेतृत्व मिलकर देश को सतत विकास की दिशा में आगे ले जा सकते हैं।

# टीला मोड़ पर दर्दनाक सड़क हादसा पति, पत्नी और पुत्र की मौत







ललित पाल पिंकी आरव पाल

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद के टीलामोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपुरा इलाके में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ है। लोनी की ओर जा रहे सिलेंडर से भरे ट्रक ने अचानक बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार दिल्ली के बुराड़ी इलाके के निवासी ललित (उम्र 37 वर्ष), उनकी पत्नी पिंकी (34 वर्ष) और उनका 10 साल का बेटा मौके पर ही अपनी जान गंवा बैठे। हादसे में ललित का दूसरा बेटा, जो मात्र 7 साल का है, बुरी तरह घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे तुरंत एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

पुलिस ने मृतकों के पास से मिले आधार कार्ड की मदद से उनकी पहचान की। मृतक ललित, पिंकी और उनके बड़े बेटे दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र के रहने वाले थे। हादसे के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और परिजनों को सूचना दी। हादसे के बाद ट्रक चालक संजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक सिलेंडर से भरा होने के कारण स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा फैल गया। आक्रोशित लोगों ने लोनी मार्ग पर जाम लगा दिया और काफी देर तक ट्रैफिक पूरी तरह ठप रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम खुलवाया। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों से होने वाले खतरों की ओर इशारा करता है।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। घायल बच्चा एमएमजी अस्पताल में भर्ती है। ट्रक नंबर के आधार पर चालक की पहचान संजय की हुई है किए गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसे की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सत्ता का भंडारा और अयोग्य का राजपाट : बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक राजा थे। उनके कोई संतान नहीं थी। राजा ने अपनी वसीयत में लिखा था कि जब मेरी शवयात्रा लेकर चलो और जैसे ही शहर से बाहर निकलो जो पहला व्यक्ति अर्थी के सामने आ जाए उसे राजा बना देना।

राजा का मृत्यु के बाद जैसे ही उनका शव लेकर शहर के बाहर पहुंचे सामने से एक भगवा वस्त्रधारी साधु सामने से आ गया। शहरवासियों ने उसे फूलों से लाद दिया और जय कारा लगाया महाराज जी की जय हो!! साधु ने विस्मय से पूछा कि क्या माजरा है? लोगों बताया कि हमारे राजा की वसीयत के अनुसार आप आज से हमारे राजा हो। हमारे राजा ने वसीयत में जो लिखा था, उसके अनुसार आज से आपको हमारा राजपाट संभालना है। साधु ने जो प्रभु इच्छा कहकर सहमति दे दी। जनता ने राजा को शहर में लाकर सिंहासन पर बैठा दिया। राजकाज अपनी गति से चलने लगा।

पड़ोसी देश को पता चला कि वहां तो एक बाबा गद्दी पर बैठ गया है। उसमें सेना लेकर राज्य पर हमला कर दिया। सेनापति साधु से राजा बने अपने राजा के पास आया और बताया कि पड़ोसी राजा ने हमला कर दिया है। और बोला क्या आज्ञा है महाराज? साधु ने कहा कि कड़ाही चढ़ावाओ, हलवा पूड़ी बनवाओ और बटवाओ। राजा की आज्ञा, हलवापुडी बनने लगे और बंटने लगे। सेनापति फिर आया और कहा कि दुश्मन की सेना दो किलो मीटर अंदर घुस आई है? अब कोई आज्ञा?? साधु ने पूछा कि पहले कितनी कढ़ाई चढ़वाई थी? दरबारी ने उत्तर दिया दो!! साधु ने कहा चार चढ़वाओ। हलवा पूरी बनवाओ और बटवाओ। इस प्रकार सेनापति बार बार आता और राजा को दुश्मन की सेना की स्थिति बताता और साधु भी वही उत्तर देता। अंत में सेनापति आया और कहा कि महाराज अब दुश्मन की सेना ने किला घेर लिया है। अगर प्रतिरोध नहीं किया तो वो शीघ्र किले में घुसने में सफल हो जाएंगे। साधु ने कहा कि हमारा दंड लाओ और कमण्डल लाओ। सेनापति ने दंड कमंडल उठाकर उनके हाथ में दिया। तब साधु बोला अपना राजपाट संभालो। हम तो साधु हैं भंडारा करना था। कहीं और न किया यहां कर दिया। अब हम चलते हैं और राजपाट छोड़कर जंगल को चला गया। जिनको घटनाओं दुर्घटनाओं परम्पराओं से अवसर मिल जाते हैं, वे ऐसे ही भंडारा करते हैं।

**1 पात्रता बनाम पद**

केवल सिंहासन पर बैठ जाने से कोई राजा नहीं बन जाता। राजा बनने के लिए राजधर्म और रणनीति की आवश्यकता होती है, जबकि साधु अपनी 'भंडारा' करने की मूल प्रवृत्ति से बाहर नहीं निकल पाया।

**2 संकट में गलत प्राथमिकताएं**

जब दुश्मन सीमा पर खड़ा हो, तब हलवा-पूड़ी बांटना प्रशासनिक विफलता का चरम है। यह उन नेतृत्वकताओं पर कटाक्ष है जो गंभीर समस्याओं का समाधान ठोस नीतियों के बजाय लोकलुभावन कार्यों में ढूंढते हैं।

**3 अदूरदर्शी परंपराएं**

राजा की वह वसीयत जिसमें ₹पहले व्यक्ति को राजा बनाने₹ की बात थी, एक दोषपूर्ण व्यवस्था को दशार्ती है। बिना योग्यता परखे सत्ता सौंपना राज्य के विनाश का कारण बनता है।

**4 जवाबदेही का अभाव**

साधु का अंत में दंड-कमंडल उठाकर चल देना यह दिखाता है कि जिन्हें संघर्ष से सत्ता नहीं मिलती, वे संकट आने पर जिम्मेदारी छोड़कर भागने में संकोच नहीं करते। उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं होता, पर जनता का सब कुछ दांव पर लगा होता है।

**5 अवसरवादिता पर प्रहार**

कहानी का अंतिम वाक्य सबसे बड़ा प्रहार है—जिन्हें बिना मेहनत या संयोगवश अवसर मिल जाते हैं, वे संसाधनों का सदुपयोग करने के बजाय उनका दुरुपयोग (भंडारा) ही करते हैं।

## संपादकीय

# भारत-ईयू व्यापार डील

भारत और यूरोपीय संघ के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत अंतिम दौर में है, जिससे व्यापार में संतुलन आएगा और अमेरिकी टैरिफ के दबाव से निपटने में मदद मिलेगी। यह डील दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर चीन से मिल रही चुनौती का सामना करने में।

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। यह डील दोनों ही पक्षों के लिए जरूरी है, इससे व्यापार में संतुलन आएगा और अमेरिकी टैरिफ के दबाव से निपटने में मदद मिलेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि 27 तारीख को भारत–एव सम्मेलन के दौरान डील फाइनल हो जाएगी।

लंबा इंतजार इस करार के लिए दोनों पक्षों ने लंबा इंतजार किया है। बरसों की धैर्यपूर्ण बातचीत के बाद अब जाकर 24 में से 20 चैप्टर पर सहमति बनी है और बाकियों को लेकर भी उम्मीदें प्रबल हैं। 9 साल की रुकावट के बाद जून 2022 में इस डील पर दोबारा वार्ता शुरू हुई थी। इसे अंजाम तक पहुंचाने का यह सबसे सही मौका है, जब भारत और यूरोपीय यूनियन – दोनों ही व्यापार में अमेरिका और चीन से मिलती चुनौती का सामना कर रहे हैं। व्यापार बढ़ेगा गुड्स में भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर EU है। 2024–25 में दोनों के बीच 136.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। भारत ने 75.85 बिलियन डॉलर का निर्यात, जबकि 60.68 अरब डॉलर का आयात किया। भारत के कुल निर्यात का करीब 17% यूरोप के बाजार में पहुंचता है। ट्रेड डील के बाद ज्यादातर सामान टैरिफ के दायरे से बाहर होगा, तो व्यापार बढ़ने की उम्मीद है। पेट्रोलियम प्रॉडक्ट्स, टेक्सटाइल, मशीनरी, जूलरी, फार्मा सेक्टर को बूस्ट मिल सकता है – नए निवेश का रास्ता खुलेगा। अमेरिका से बातचीत ग्लोबल जियो–पॉलिटिक्स को देखते हुए भारत को अपने व्यापार साझेदारों में विविधता चाहिए। अच्छी बात है कि सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है। पिछले साल ब्रिटेन, ओमान और EFTA के साथ ट्रेड डील फाइनल हुई थी। एव के साथ–साथ नजरें अमेरिका संग चल रही वार्ता पर भी हैं। कुछ तल्ख बयानबाजी के बाद नई दिल्ली–वॉशिंगटन के बीच वार्ता फिर से पटरी पर आती दिख रही है, जिसे अच्छी खबर कहा जाएगा। एव डील का असर भी अमेरिका से चल रही बातचीत पर पड़ सकता है। चीन को जवाब अमेरिका की अस्थिर नीतियों की वजह से भारत और यूरोप, दोनों को ही नए मजबूत दोस्तों की जरूरत है। इसके अलावा एक बड़ी साझा चुनौती चीन की है। दोनों का ही पेइचिंग के साथ व्यापार घाटा रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। चीन की वजह से भारत और यूरोप के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गिरावट आई है। दोनों एक–दूसरे का साथ देकर इस ट्रेड डेफिसिट को पाटने में मदद कर सकते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 687 अरब डॉलर के करीब, सोने में जोरदार बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में उछाल आया है। 9 जनवरी को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 39 करोड़ डॉलर बढ़कर करीब 687 अरब डॉलर हो गया है। सोने के भंडार में उछाल और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में गिरावट देखी गई है। इससे पहले के हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट देखी जा रही थी।

### सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

- ताजा बढ़ोतरी के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के सर्वकालिक उच्च स्तर 704 अरब डॉलर के करीब पहुंच गया है।
- विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) हैं, जो 550 अरब डॉलर हैं। हालांकि इसमें 1.12 अरब डॉलर की गिरावट आई है।
- रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोने का भंडार वर्तमान में 112.83 अरब है, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 1.5 अरब डॉलर ज्यादा है।

### 11 महीने तक आयात के लिए पर्याप्त

- दिसंबर में मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने कहा था कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने तक विदेश से आयात के लिए पर्याप्त है।
- रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर संतोष जाहिर किया था और कहा कि भारत का बाहरी क्षेत्र लचीला बना हुआ है।
- आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 56 अरब डॉलर बढ़ा। वहीं 2024 में ये वृद्धि 20 अरब डॉलर से थोड़ी अधिक रही।
- 2023 में विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 58 अरब डॉलर की तेजी आई थी। हालांकि 2022 में इसमें 71 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई थी।
- विदेशी मुद्रा भंडार, किसी देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्राधिकरण की परिसंपत्तियां होती हैं, जो मुख्य तौर पर अमेरिकी डॉलर है। इसमें कुछ हिस्सा यूरो, जापानी येन और पाउंड स्टर्लिंग का भी होता है। आरबीआई रणनीतिक रूप से रुपये के मजबूत होने पर डॉलर खरीदता है और रुपये के कमजोर होने पर डॉलर बेचता है।

# डीजीसीए का इंडिगो पर कड़ा शिकंजा 22.20 करोड़ का जुर्माना




**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने पिछले महीने हुए व्यापक उड़ान व्यवधान को लेकर शनिवार को इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया और कंपनी के प्रमुख पीटर एल्बर्स के साथ-साथ दो अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को कड़ी चेतावनी जारी की। इसके अलावा, विमानन नियामक ने एयरलाइन को अपने निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने और दीर्घकालिक प्रणालीगत सुधार के लिए 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

इंडिगो ने दिसंबर की शुरूआत में सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी थीं क्योंकि एयरलाइन पायलटों के वास्ते नए उड़ान ड्यूटी मानदंडों को लागू करने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं थी। उड़ानें रद्द किए जाने से देश भर में हजारों यात्री फंस गए थे। इंडिगो के परिचालन में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्राह्मणे की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया था, ताकि ऐसे व्यवधानों के कारणों की व्यापक समीक्षा और मूल्यांकन किया जा सके।

इस समिति ने पिछले साल 27

## ईयू-मकोर्सुर मुक्त व्यापार समझौते पर ऐतिहासिक हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** यूरोपियन यूनियन और दक्षिण अमेरिकी देशों के मकोर्सुर ब्लॉक ने औपचारिक रूप से एक लंबे समय से प्रतीक्षित ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन किए। जो कि दुनिया भर में बढ़ते संरक्षणवाद और व्यापार तनाव के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 25 वर्षों से अधिक की मुश्किल बातचीत के बाद हुआ है।

यूरोपीय संघ (एव) और दक्षिण अमेरिकी देशों के संगठन मकोर्सुर ने शनिवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर दिए। यह समझौता करीब 25 साल तक चली लंबी और जटिल वाताओं के बाद संभव हो सका है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बढ़ते संरक्षणवाद और व्यापारिक तनावों के बीच आपसी वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करना है। पराग्वे की राजधानी असुनसियोन में हुए हस्ताक्षर समारोह को यूरोपीय संघ के लिए एक बड़ी भू-राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। अमेरिकी टैरिफ नीति और चीन के बढ़ते निर्यात के दौर में यह समझौता ईयू को संसाधन-समृद्ध दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर देगा, जहां अमेरिका और चीन के बीच प्रभाव बढ़ाने की होड़ तेज है। बल्कि यह वैश्विक कूटनीति के स्तर पर भी अहम संकेत देता है। इससे यह संदेश जाता है कि दक्षिण अमेरिका, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पश्चिमी गोलार्ध में प्रभुत्व की घोषणाओं के बावजूद, विविध देशों के साथ व्यापार और कूटनीतिक रिश्ते बनाए।



प्रतीकात्मक फोटो

### 27 देशों में से अधिकतर ने जताया समर्थन

यूरोपीय संघ–मकोर्सुर मुक्त व्यापार समझौते से दोनों क्षेत्रों के बीच आयात–निर्यात बढ़ने, निवेश के नए अवसर खुलने और आर्थिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे पहले शुक्रवार (16 जनवरी) को ब्रसेल्स में राजदूतों की बैठक के बाद यूरोपीय संघ के 27 देशों में से अधिकतर ने इस मुक्त व्यापार समझौते पर समर्थन जताया था। बता दें कि मकोर्सुर लैटिन अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है, जिसमें अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे शामिल हैं। हालांकि ईयू की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था फ्रांस समेत पांच देश मकोर्सुर समझौते के खिलाफ हैं। जिसमें फ्रांस के अलावा आयरलैंड, पोलैंड, हंगरी और ऑस्ट्रिया के नाम शामिल है।

## सोने की तेजी से भारतीय परिवारों की दौलत में 117 लाख करोड़ का उछाल



**नई दिल्ली।** सोने के भाव में आई बेतहाशा तेजी से भारतीय परिवारों की संपत्ति 117 लाख करोड़ बढ़ी है। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक हर वर्ग के परिवारों की बचत का मूल्य अचानक बढ़ा है। सोने की कीमतों में पिछले साल से जारी बेतहाशा तेजी ने भारतीय परिवारों की दौलत में जबरदस्त इजाफा किया है। इस वजह से पिछले साल के दौरान भारतीय परिवारों की संपत्ति में 117 लाख करोड़ रुपये (1.3 लाख करोड़ डॉलर) की वृद्धि हुई है। इससे परिवारों के लिए एक मजबूत खर्च करने की क्षमता बनी है। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की जारी रिपोर्ट सोने की अटूट चमक को रेखांकित करती है।

रिपोर्ट के अनुसार, देशभर के करोड़ों परिवारों के गहने, सिक्के और बार इस उछाल के प्रमुख लाभार्थी बने हैं। वैश्विक अस्थिरता, मुद्रा उतार-चढ़ाव और देशों के बीच तनावों ने निवेशकों को सोने की ओर आकर्षित किया, जिसका फायदा भारत को मिला। यह वृद्धि इतनी विशाल है कि यह कई देशों के जीडीपी से भी अधिक है। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक हर वर्ग के परिवारों की बचत का मूल्य अचानक बढ़ गया।

खासकर महिलाएं, जो परिवार का अधिकांश सोना संभालती हैं, इस लाभ से मजबूत हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कागजी मुनाफा है, जो बाजार सुधार पर निर्भर करता है। फिर भी, यह संपत्ति उपभोग बढ़ाने, ऋण चुकाने या नए निवेश में सहायक सिद्ध हो सकती है। आर्थिक मोर्चे पर यह वृद्धि बैंकिंग क्षेत्र को गति देगी और नीति-निमार्ताओं के लिए नई चुनौतियां पैदा करेगी। आरबीआई इस पर नजर रखे हुए है। कुल मिलाकर सोना भारतीय परिवारों का विश्वसनीय साथी साबित हुआ है।

### 25 वर्षों में यह सबसे बड़ा लाभ

रिपोर्ट के अनुसार, यह पिछले 25 वर्षों में सोने की कीमतों में वृद्धि से होने वाला सबसे बड़ा संपत्ति लाभ है। कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान सोने की कीमत में 58,310 रुपये प्रति 10 ग्राम या 73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस तेज वृद्धि से सोने के एवज में लिए जाने वाले खुदरा कर्ज में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। भारतीय शेयर बाजारों के लिए 2025 एक समेकन का वर्ष साबित हुआ। लेकिन सोने जैसे वैकल्पिक संपत्तियों ने असाधारण ताकत दिखाई।

### शेयर बाजारों ने निराश किया

2025 के दौरान वैश्विक बाजारों में भी भारत का प्रदर्शन खराब रहा। लेकिन सोने जैसे वैकल्पिक संपत्तियों ने असाधारण ताकत दिखाई। पिछले वर्ष सोना स्पष्ट रूप से एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में उभरा। एनएसई निफ्टी ने वैश्विक समकक्षों और उभरते बाजारों की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत कम प्रदर्शन किया, जो लगभग तीन दशकों में इसका सबसे खराब प्रदर्शन है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के आधुनिकीकरण पर फोकस, बढ़ेगा रक्षा बजट

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मोदी सरकार ने बार-बार साफ किया है कि इसे केवल स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं किया गया है। इस ऑपरेशन में ड्रोन और मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) का व्यापक उपयोग देखा गया, जिससे पता चलता है कि आधुनिक युद्ध पिछले कुछ वर्षों में किस प्रकार विकसित हुआ है। भारत के इस पूरे अभियान की राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व दोनों ने तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के लिए सराहना की, और इसका एकमात्र उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्यों को प्राप्त करना और इस्लामाबाद और उसके नेतृत्व को आतंकवाद के खिलाफ नई दिल्ली का कड़ा संदेश देना था। हालांकि भारतीय सेना को पाकिस्तानी सेना पर स्पष्ट बढ़त हासिल थी, लेकिन इसने एक बार फिर एक पहलू पर ध्यान केंद्रित किया है: भारतीय सशस्त्र बलों का और अधिक आधुनिकीकरण करना। परंपरागत युद्ध मुख्य रूप से टैंक, तोपखाने और पैदल सेना के बल पर लड़े जाते थे, और इनमें स्पष्ट अग्रिम मोर्चे होती थीं।



प्रतीकात्मक फोटो

### रक्षा मंत्रालय की मांग

आम तौर पर भारत में रक्षा बजट में हर साल 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का चलन रहा है। लेकिन पिछले साल नवंबर में नई दिल्ली में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसी) के एक कार्यक्रम में बोलते हुए रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए रक्षा मंत्रालय वित्त वर्ष 2026–27 के लिए रक्षा बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि की मांग करेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कभी–कभी इंद्रधनुष रात को भी निकलते हैं। ये मूनबो के नाम से जाने जाते हैं और इनका रंग एकदम सफेद होता है।
- अगर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर स्थित पूरी बर्फ पिघल जाए तो सभी महासागरों का जल–स्तर 180 फीट बढ़ जाएगा।
- अमरीका में न्यू हैम्पशायर स्थित पहाड़ ह्य माउंट वाशिंगटन के ऊपर साल में 100 से अधिक दिनों तक तूफानी हवाएं चलती हैं।
- 1556 में आए भूकंपों के दौरान चीन में 830000 लोग मरे।
- वैसे तो बर्फ के पहाड़ आईसबर्ग खारे समुद्रों में तैरते हैं परंतु इनमें से अधिकांश ताजे (मीठे) पानी के बने होते हैं।
- बारिश की बूँदों का आकार आंसू की बूँदों जैसा नहीं होता। वे देखने में पकौडी या आटे की लोई जैसी लगती हैं।
- नर और मादा हाथी कभी–कभी अपनी सूंडों को फंसा कर चलते हैं मानो एक–दूसरे का हाथ पकड़ कर चल रहे हों।
- गोरिल्ले पानी से इतना डरते हैं कि वे उसे पीते तक नहीं। उनकी पानी की सारी जरूरत फल और पौधे खाने से पूरी हो जाती है।

## राशिफल

**मेष:** जीवन में चली आ रही स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**वृष:** आज दिन बेहतर रहेगा, मानसिक तनाव महसूस होगा और कुछ खर्चे भी बढ़ेंगे। इनकम में कमी देखी जा सकेगी, जिसकी वजह से काफी दबाव महसूस करेंगे।

**मिथुन:** आज दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी–सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क:** इंटरव्यू देने जाएं तो दिमाग ठण्डा रखें। जल्द ही शुभ समाचार की प्राप्ति होने लगेगी। अपनी काबिलियत के बदौलत सब कुछ करने का प्रयास कर सकते हैं।

**सिंह:** आज का दिन किसी यात्रा पर जाने का संकेत दे रहा है। यात्रा अच्छी रहेगी। आपके भाई बहनों को भी सुख मिलेगा और उनसे आपके संबंध बेहतर बनेंगे।

**कन्या:** दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से धन लाभ आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा।

**तुला:** पार्टनर से संबंध अच्छे होंगे। किसी से तभी दोस्ती करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और भली–भांति समझ लें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी रहेगा।

**वृश्चिक:** आपके लिए दिन मिलाजुला असर लेकर आएगा। दिन की शुरूआत अच्छी आमदनी से होगी। वहीं दिन चढ़ने के साथ–साथ खर्चे बढ़ जाएंगे।

**धनु:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा–पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर:** आज आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। छोटी दूरी की सुखद यात्रा हो सकती है। पत्नी से संतुष्टि तथा सुखद स्थिति का निर्माण होगा।

**कुंभ:** आपके लिए आज का दिन सुकून भरा रहेगा। जो मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान थे उनकी समस्या दूर होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन:** दिन अच्छा रहेगा। लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल हो सकते हैं।

## चुटकुले

टीचर: पप्पू, तुम रोज लेट क्यों आते हो?
पप्पू: मैडम, नींद जल्दी नहीं खुलती।
टीचर: अलार्म नहीं है क्या?
पप्पू: है, पर वो भी मेरी तरह जिम्मेदार नहीं!

पत्नी: सुनो जी, मैं गुस्से में हूँ!
पति: क्यों?
पत्नी: क्योंकि तुम समझते नहीं।
पति: समझता हूँ, पर बोलूँ तो मामला बिगड़ जाता है!

दोस्त: भाई, तू इतना शांत क्यों है आज?
गोलू: क्योंकि आज बहस नहीं हुई।
दोस्त: कैसे?
गोलू: बीवी Wi-Fi की रेंज से बाहर है!

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे काम करते ही नींद आने लगती है।
डॉक्टर: कब से?
मरीज: जब से नौकरी लगी है।
डॉक्टर: समस्या समझ गया!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# ज्वेरेव की ऑस्ट्रेलियन ओपन में संघर्षपूर्ण जीत



**महिलाओं में पाओलिनी और स्वितोलिना आगे बढ़ीं**

**मेलबर्न ।** वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ की शुरूआत हो गई है। पहले दौर में एलेक्सजेंडर ज्वेरेव ने संघर्षपूर्ण जीत कर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। आइए जानते हैं अन्य मैचों के नतीजे

तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए गैब्रियल डियालो को हराकर वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूनामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरूआत की। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी डियालो के खिलाफ अच्छी शुरूआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार 10वें वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

पाओलिनी ने सास्नोविच को हराया

महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूनामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए।

# भारत के सामने तीसरे वनडे में टीम चयन की चुनौती

## न्यूजीलैंड से सीरीज नहीं हारने का होगा दबाव



**भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज इंदौर के होल्कर स्टेडियम में तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम की नजरें इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर टिकी होंगी।**

**इंदौर।** तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी के बीच होल्कर स्टेडियम में आज भारतीय टीम अंतिम एकादश के चयन की चुनौती और न्यूजीलैंड से घर में वनडे सीरीज न हारने का दबाव लेकर उतरेगी। राजकोट में दूसरा वनडे जीतकर आत्मविश्वास से ओत-प्रोत न्यूजीलैंड पहली बार भारतीय धरती पर वनडे सीरीज जीतकर नया इतिहास रचने के लिए बेकरार है। इतिहास के आंकड़े भले ही भारत के पक्ष में झुकते हों, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में मेहमान टीम की अपेक्षा मेजबान टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों ही विभागों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष करती दिख रही है।

**होल्कर स्टेडियम में बनते हैं खूब रन:** होल्कर स्टेडियम में रन खूब बनते हैं। भारत ने यहां खेले सभी सात मुकाबले जीते हैं, जिनमें 2023 में न्यूजीलैंड के ही खिलाफ 385 रन बनाकर 90 रन की जीत शामिल है। इसी मैदान पर 14 साल पहले वीरेंद्र सहवाग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रन की पारी खेली और भारत ने 418 रन बनाए थे।

होल्कर स्टेडियम में अपने अपराजित रिकॉर्ड को कायम करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बल्लेबाजों को ही निभानी होगी।

भारतीय खिलाड़ियों ने शनिवार को अपनी कमियों को दूर करने के लिए जमकर अभ्यास किया।

### न्यूजीलैंड के पास मौका

न्यूजीलैंड के शीर्ष चारों बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे, हेनिरी निकोल्स, विल यंग और डेरिल मिचेल शानदार फॉर्म में हैं।

गेंदबाज भी किफायती गेंदबाजी कर रहे हैं। शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ग्लेन फिलिप्स ने कहा, जिस तरह 2024 में हमने पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती, उसी तरह इस बार वनडे में जीतना चाहेंगे।

### रोहित, कोहली, राहुल पर दारोमदार

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल पर रन बनाने का अधिक दारोमदार होगा। कप्तान शुभमन गिल लंबे समय बाद लगातार दो अर्धशतक लगाकर लय में लौटते दिख रहे हैं। उन्हें और रोहित को पहले विकेट के लिए विपक्षी गेंदबाजों का डटकर सामना कर बड़ी साझेदारी निभानी होगी। केएल राहुल को छोड़कर भारतीय टीम की कमजोर कड़ी मध्यक्रम साबित हो रहा है। ऐसे में चौथे नंबर पर उपकप्तान श्रेयस अय्यर पर अधिक जिम्मेदारी है।

# भारत-बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने मैच के बाद मिलाए हाथ

## बीसीबी ने मामले पर क्या दिया स्पष्टीकरण

**बुलावायो।** भारत और बांग्लादेश के बीच अंडर-19 विश्व कप मैच के दौरान हाथ नहीं मिलाने को लेकर विवाद हुआ था। बीसीबी ने इस मामले पर स्पष्टीकरण दिया था जिसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच के बाद एक दूसरे से हाथ मिलाए।

भारत और बांग्लादेश के बीच अंडर-19 विश्व कप का मुकाबला खेला गया। दोनों देशों के बीच चल रहे विवाद के बीच भारत और बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने मैच के बाद एक दूसरे से हाथ मिलाए। दरअसल, इसकी चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि टॉस के दौरान दोनों कप्तानों ने एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाए थे। इस घटना ने एशिया कप की याद ताजा कर दी थी जब भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाए थे।

### टॉस के दौरान क्यों नहीं मिलाए थे हाथ

टॉस के दौरान कप्तानों द्वारा हाथ नहीं मिलाए जाने पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्टीकरण दिया था।



बीसीबी ने कहा था कि उपकप्तान जावेद अबरार द्वारा भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे से हाथ नहीं मिलाना अनादर नहीं है क्योंकि यह जानबूझकर नहीं किया गया। बीसीबी ने कहा कि अबरार के दिमाग से यह बात निकल गई थी। दरअसल, नियमित कप्तान अजिजुल हकीम मैच से पहले बीमार हो गए थे जिस कारण टॉस के लिए अबरार आए थे।

**भारत ने रोमांचक मुकाबले में दर्ज की जीत:** भारत और बांग्लादेश के बीच शनिवार को खेले गए अंडर-19 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली टीम ने 18 रन से शानदार जीत दर्ज की। बारिश से प्रभावित मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 48.4 ओवर में 238 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम को बारिश के कारण डीएलएस प्रणाली के जरिये 29 ओवर में 165 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। टीम 28.3 ओवर में 146 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान अजिजुल हकीम ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत की ओर से विहान मल्होत्रा ने चार विकेट लिए जबकि खिलान पटेल ने दो सफलाएं अपने नाम कीं। इसके अलावा दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल और कनिष्क चौहान ने एक-एक विकेट हासिल किया। मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक दूसरे से हाथ मिलाए।

**बीसीबी ने क्या दिया था बयान:** इस घटना पर सफाई देते हुए बीसीबी ने कहा, 'विपक्षी कप्तान से हाथ न मिलाना पूरी तरह अनजाने में हुआ और यह एक क्षणिक असावधानी का परिणाम था। इसका उद्देश्य किसी भी तरह का अनादर या असम्मान दिखाना नहीं था।' बोर्ड ने कहा कि उन्होंने इस घटना को गंभीरता से लिया है, क्योंकि खेल भावना और विरोधी टीम के प्रति सम्मान बनाए रखना बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी की बुनियादी जिम्मेदारी है।

# भारतीय वनडे टीम में जगह मिलने पर आया आयुष बदोनी का बयान, बताया ऑलराउंडर होने का उन्हें फायदा मिला



**भारतीय टीम में शामिल किए गए दिल्ली के खिलाड़ी आयुष बदोनी ने बताया है कि किस तरह ऑलराउंडर होने का उन्हें फायदा मिला। बदोनी को चोटिल वाशिंगटन सुंदर की जगह वनडे टीम में जगह मिली थी।**

**इंदौर।** आयुष बदोनी को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह मिलने पर विवाद हुआ था। टीम प्रबंधन के इस फैसले पर कई पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने सवाल खड़े किए थे। बदोनी को वाशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली थी। बदोनी का कहना है कि कुछ वर्ष पहले गेंदबाजी करने के उनके फैसले ने उन्हें ऑलराउंडर के रूप में उभरने में मदद की।

टीम में शामिल होने की बात कब पता चली?

भारत और न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में रविवार को तीसरा वनडे मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले बदोनी ने बीसीसीआई टीवी से कहा, मैं दिल्ली टीम के साथ था, मैं वहां कप्तान था और अगले दिन हमारा विदर्भ के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच था। तभी मुझे इसके (टीम में शामिल होने) के बारे में पता चला। प्रियांश मेरा रूममेट था, इसलिए मैंने उसे बताया कि ऐसा हो सकता है और मैं जा रहा हूं, तो शायद तुम कप्तान बन जाओगे।

जब बदोनी से पूछा गया कि उन्होंने अपने परिवार और दोस्तों में से किससे बात की, तो उन्होंने कहा, मुझे देर रात फोन आया, इसलिए मैं उन्हें बता नहीं सका। सुबह इसकी घोषणा हुई, तभी उन्हें पता चला और वे भी बहुत खुश और गौरवान्वित थे। सभी कोचों और खिलाड़ियों ने मेरा स्वागत किया और मुझे यह बहुत अच्छा लगा। मैं उनमें से ज्यादातर के साथ और उनके खिलाफ खेल चुका हूं, इसलिए सभी से दोबारा मिलना बहुत अच्छा लगा।

**ऑलराउंडर बनने का मिला फायदा:** बदोनी ने यह भी बताया कि वह पहले सिर्फ बल्लेबाज थे, लेकिन दो साल पहले उन्होंने गेंदबाजी शुरू की और ऑलराउंडर के रूप में उनके इस बदलाव ने उन्हें पहली बार भारतीय टीम में जगह दिलाने में मदद की। मुझे हमेशा लगता है कि मैं विकेट ले सकता हूं और अपनी गेंदबाजी से टीम में योगदान दे सकता हूं।

इसलिए मुझे ऑलराउंडर होने का फायदा मिला। मैंने दिल्ली के लिए काफी गेंदबाजी की है, विकेट लिए हैं और इसका मुझे बहुत लाभ मिला है। टीम के सीनियर खिलाड़ियों के साथ बिताए समय के बारे में बात करते हुए बदोनी ने कहा कि उन्हें घरेलू क्रिकेट हो या फ्रेंचाइजी क्रिकेट, उनमें से कई के साथ या उनके खिलाफ खेलने का अनुभव है और वह हमेशा उनसे सीखने की पूरी कोशिश करते हैं।

हमारी टीम के कई सीनियर खिलाड़ी एक तरह से दिग्गज हैं, इसलिए मैं बल्लेबाजी या गेंदबाजी करते समय उनसे सीखने की कोशिश करता हूं।

# वानखेड़े में अब अमेरिका की जर्सी में खेलेंगे सौरभ नेत्रवलकर

**नई दिल्ली।** मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में वानखेड़े स्टेडियम में खेलकर अपने क्रिकेट सफर का भावुक फुल सर्कल मोमेंट जीने को तैयार हैं। क्रिकेट छोड़कर अमेरिका में पढ़ाई और नौकरी करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर उन्होंने इसे अपनी जिंदगी की दूसरी पारी बताया है।

मुंबई में जन्मे अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर उस भावनात्मक पल के लिए तैयार हैं, जब वह सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ अपनी टीम के टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करेंगे। यह वही मैदान है, जहां से उनके क्रिकेट सफर की शुरूआत हुई थी, लेकिन बाद में उन्होंने एक वैकल्पिक करियर के लिए घर छोड़ दिया था।

### कैसे शुरू हुआ सौरभ का क्रिकेट का सफर?

34 वर्षीय नेत्रवलकर ने 2013 में मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला था, जहां उनके साथ सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ी भी थे। इससे पहले वह 2010 अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके थे, लेकिन भारतीय सीनियर टीम तक पहुंच नहीं बना सके।

इसके बाद नेत्रवलकर ने 2015 में अमेरिका की प्रतिष्ठित कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स करने का फैसला किया। उस समय उन्होंने लगभग क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। मुंबई की गलियों से शुरू हुआ क्रिकेट का जुनून एक बार फिर उन्हें मैदान तक खींच लाया। आज नेत्रवलकर अमेरिका की राष्ट्रीय टीम के अहम सदस्य हैं और 2024 टी20 विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें स्टार बना दिया। वानखेड़े में खेलने को लेकर वह खुद को भावनाओं से भरा हुआ मानते हैं। नेत्रवलकर ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, 'मुझे नहीं पता कि वहां जाकर मैं कैसे प्रतिक्रिया दूंगा, लेकिन यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक पल होगा। मैंने मुंबई में क्रिकेट शुरू किया, फिर खेल छोड़कर अमेरिका चला गया और कभी सोचा भी नहीं था कि दोबारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलूंगा। यह मेरे लिए दूसरी पारी जैसी है, जिसने मुझे फिर से मुंबई तक पहुंचाया।' उन्होंने आगे कहा कि बचपन से ही उनका सपना वानखेड़े में खेलने का था। सौरभ



बोले, 'अंडर-15 दिनों से हम वानखेड़े में ट्रेनिंग करते आए हैं। मैं आभारी हूं कि यह मौका अमेरिका के लिए खेलते हुए मिला। मेरे परिवार और दोस्त वहां मौजूद होंगे और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा।'

### 2024 की सफलता के बाद ऊपर गया है यूएसए क्रिकेट का ग्राफ

2024 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराकर और सुपर-8 में जगह बनाकर अमेरिका ने सबको चौंकाया था। नेत्रवलकर का मानना है कि उस प्रदर्शन के बाद देश में क्रिकेट का स्तर लगातार ऊपर जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे 8-9 खिलाड़ी दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीग्स में खेल रहे हैं।

मेजर लीग क्रिकेट में भी लोकल खिलाड़ी टॉप रन-स्कोरर और विकेट-टेकर रहे। 19-20 साल के युवा भी टीम में आ रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में अभी लंबा रास्ता है, लेकिन प्रगति साफ दिख रही है।'

### वीगन लाइफस्टाइल और सोच में बदलाव

नेत्रवलकर अपनी स्पष्ट सोच का श्रेय अपने वीगन जीवनशैली को भी देते हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है। मैं एक बेहतर इंसान बनने की कोशिश कर रहा हूं, दर्शन, आध्यात्म, स्थिरता और पर्यावरण जैसे विषयों को समझ रहा हूं। जब आप स्वस्थ और फिट रहते हैं, तो उसका असर अपने आप क्रिकेट पर भी पड़ता है।' मुंबई की गलियों से अमेरिका की जर्सी तक का यह सफर अब वानखेड़े में एक भावुक फुल सर्कल मोमेंट की ओर बढ़ रहा है।

### भारत में गेंदबाजी की चुनौती

भारतीय उपमहाद्वीप की बल्लेबाजी के अनुकूल पिचें गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती पेश करती हैं। नेत्रवलकर ने माना कि अमेरिका और कैरेबियन में हुए पिछले संस्करण में परिस्थितियां गेंदबाजों के पक्ष में थीं, लेकिन भारत में हालात अलग होंगे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'फ्लैट विकेटों पर आपको प्लान ए, प्लान बी सब तैयार रखने पड़ते हैं। नई गेंद से स्विंग, स्लोअर बॉल और डेथ ओवरों में यॉर्कर अहम होंगे। रात के मैचों में ओस भी बड़ा फैक्टर होती है, इसलिए गीली गेंद से गेंदबाजी की प्रैक्टिस जरूरी है।' उन्होंने श्रीलंका में तीन हफ्ते के ट्रेनिंग कैंप और डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में होने वाले वॉर्म-अप मैचों को भारत की परिस्थितियों के लिए उपयोगी बताया।

# प्रज्ञानंद को हमवतन एरिगेसी से मिली हार

## विश्व कप विजेता गुकेश ने सिंदारोव से खेला ड्रॉ

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूनामेंट में अर्जुन एरिगेसी ने अच्छी शुरूआत की है। उन्होंने आर प्रज्ञानंद को हराया। वहीं, डी गुकेश ने ड्रॉ खेला।



शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी ने हमवतन आर प्रज्ञानंद को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूनामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। पर्यावरण कार्यकताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूनामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया। पहले दौर के बाद एरिगेसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं।

**अरविंद चिदंबरम की ड्रॉ से शुरूआत**

अपने मित्र प्रज्ञानंद के खिलाफ एरिगेसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञानंद ने शुरू में ही एक गलती कर दी जिससे उनका राजा बीच में फंस गया जिसका एरिगेसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया।

# स्मृति मंधाना ने हरमनप्रीत को पीछे छोड़ा



**मुंबई।** आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना शानदार फॉर्म में चल रही हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में दमदार बल्लेबाजी की और बड़ी उपलब्धि अपने नाम करने में सफल रहीं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। मंधाना ने 61 गेंदों पर 96 रन बनाए, लेकिन वह शतक लगाने से चूक गईं। इसके बावजूद उन्होंने बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की और वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बन गईं।

**मंधाना के नाम दर्ज हुआ रिकॉर्ड**

मंधाना ने अपनी पारी में 13 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके साथ ही वह डब्ल्यूपीएल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बनीं। मंधाना ने इस मामले में मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा। हरमनप्रीत ने 2024 सीजन में गुजरात जाएंट्स के खिलाफ 48 गेंदों पर नाबाद 95 रन बनाए थे जो टूनामेंट में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिग स्कोर था। हालांकि, अब यह रिकॉर्ड मंधाना के नाम दर्ज हो गया है।

### डब्ल्यूपीएल में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली भारतीय बनीं

**डब्ल्यूपीएल में नहीं लगा है एक भी शतक:** डब्ल्यूपीएल इतिहास में कोई खिलाड़ी अबतक शतक नहीं लगा सका है। टूनामेंट में सबसे ज्यादा निजी स्कोर का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के नाम है। आरसीबी के लिए खेलते हुए डिवाइन ने 2023 में गुजरात जाएंट्स के खिलाफ 36 गेंदों पर 99 रन बनाए थे। वहीं, 2025 सीजन में यूपी वॉरियर्स के लिए खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल ने 56 गेंदों पर 99 रन बनाए थे। डिवाइन डब्ल्यूपीएल में एक से अधिक बार 90 रनों का आंकड़ा पार करने वाली एकमात्र बल्लेबाज हैं।

**आरसीबी की लगातार चौथी जीत:** मैच की बात करें तो आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम इस जीत के साथ शीर्ष पर बरकरार है। वहीं, दिल्ली चार में से तीन मुकाबले हारकर अंक तालिका में आखिरी पायदान पर पहुंच गई है। शनिवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली वर्मा की 62 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में 10 विकेट पर 166 रन बनाए।

जवाब में आरसीबी ने स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वॉल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 18.2 ओवर में दो विकेट पर 169 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# ग्रुप बदले जाने की मांग को लेकर आयरलैंड ने क्या दी प्रतिक्रिया, बीसीबी को लग सकता है झटका

**नई दिल्ली।** आयरलैंड क्रिकेट ने बीसीबी की उस मांग पर प्रतिक्रिया दी है जिसमें बांग्लादेश ने आईसीसी के समक्ष टी20 विश्व कप का ग्रुप बदलने का विकल्प रखा है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी के सामने विकल्प रखा है कि वह आयरलैंड के साथ उसका ग्रुप बदले दे जिससे उससे अपने मुकाबले भारत के बजाए श्रीलंका में खेलने होंगे। अब आयरलैंड क्रिकेट की इस मामले को लेकर प्रतिक्रिया सामने आई है। मालूम हो कि भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा है और उसने टी20 विश्व कप के अपने मैच भारत के बजाए श्रीलंका में खेलने की मांग की है। इसे लेकर ढाका में आईसीसी प्रतिनिधियों की बीसीबी के साथ बैठक हुई है।

ग्रुप सी में शामिल है बांग्लादेश

बांग्लादेश की टीम फिलहाल ग्रुप सी में शामिल है जिसमें वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल भी मौजूद है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, बांग्लादेश को टी20 विश्व कप में अपने मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेलने हैं।




वहीं, आयरलैंड की टीम श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, ओमान और जिम्बाब्वे के साथ ग्रुप बी में है और इनके मुकाबले श्रीलंका में होने हैं। टी20 विश्व कप को शुरू होने में अब एक महीने से भी कम का समय शेष है, लेकिन अब तक इस विवाद का हल नहीं निकल सका है।

बीसीबी की मांग के बीच क्रिकेट आयरलैंड ने कहा है कि उन्हें इस बात का पक्का आश्वासन मिल गया है कि उनके विश्व कप कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा। क्रिकेट आयरलैंड ने यह भी कहा कि वे अपने सभी विश्व कप मैच श्रीलंका में ही खेलेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, क्रिकेट आयरलैंड ने कहा, हमें यह पुख्ता आश्वासन मिल गया है कि हम मूल कार्यक्रम से नहीं हटेंगे। हम निश्चित रूप से श्रीलंका में ग्रुप स्टेज खेलेंगे।

**आईसीसी के साथ बैठक में क्या हुआ?**

आईसीसी की दो सदस्यीय टीम जिसमें इवेंट एंड कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन के महाप्रबंधक गौरव सक्सेना और इंटीग्रिटी यूनिट के महाप्रबंधक एंड्रयू एफग्रेव शामिल थे, इन्होंने ढाका में बीसीबी के अधिकारियों से मुलाकात की।

इस दौरान इन्होंने भारत में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीसीबी को यकीन दिलाने का प्रयास किया। आईसीसी के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद बीसीबी ने कहा, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई।




# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नंदी पार्क गौशाला का किया भ्रमण, गौ पूजन कर सफाई मित्रों को बांटे कंबल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित नंदी पार्क गौशाला का भ्रमण उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गौ माता के तिलक एवं पूजन से हुई, इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने नंदी पार्क में आश्रित गोवंश को गुड़ और हरा चारा खिलाया।

भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा नंदी पार्क में संचालित प्राकृतिक पेंट परियोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। गोवंश के गोबर से तैयार किए जा रहे प्राकृतिक पेंट और अन्य उत्पादों को देखकर उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम के प्रयासों की सराहना की। साथ ही मौके पर संचालित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के कार्यों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निराश्रित गोवंश और निराश्रित स्वानों की देखरेख को लेकर नगर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नंदी पार्क गौशाला, प्राकृतिक पेंट परियोजना और पशु कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी और नवाचार के स्तर पर नगर निगम की कार्यप्रणाली को उप मुख्यमंत्री ने सकारात्मक बताया।

भ्रमण के दौरान नंदी पार्क गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों और सफाई मित्रों को कंबल वितरित किए गए। साथ ही सुरक्षा के साथ कार्य करने के संदेश के साथ लगभग 63 कर्मचारियों को पीपीई किट भी प्रदान की गईं।

इसके अलावा उप मुख्यमंत्री द्वारा गोबर से बनी खाद, बर्तन, मूर्तियां, दीपक एवं हवन सामग्री का अवलोकन किया गया। इन उत्पादों के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गोवंश के गोबर से बनाई जा रही उपयोगी वस्तुओं को घर-घर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यवाही शुरू की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विनोद कसाना सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना प्राथमिकता : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नंदी पार्क गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों और सफाई मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और मनोबल का ध्यान रखना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से कंबल और पीपीई किट का वितरण किया गया है।




सुभाष शर्मा | वरिष्ठ संवाददाता

### पीडब्ल्यूडी से आवास विकास तक ढूंढी जा रही है जीडीए की कौन सी फाईल

फाइल फाइल वाला गेम सीवर वालों के यहां से लेकर विकास वालों के यहां तक चल रहा है। संगठन वालों ने पब्लिक से वादा किया और इंटरलॉकिंग वालों ने तुरंत विकास के काम को फॉरवर्ड किया। मगर बताते हैं कि 15 लाख के काम वाली फाइल गायब हो गयी। वहीं सीवर वालों के पड़ौस में विकास वालों का दफ्तर है और यहां शनिवार को फाइल की तलाश होती रहीं। फाइल गाजियाबाद में खोई है मगर टेंशन में मेरठ वाले साहब आ गये हैं। कन्टैमप्ट का मामला है, लिहाजा साहब ने कह दिया कि कोई भी अटैमप्ट करो लेकिन फाइल को ढूंढ के लाओ। जमीन की फाइल है, मिल नहीं रही और विकास वाले अपनी फाइल को ढूंढने पीडब्ल्यूडी और आवास विकास तक गये हैं। फाइल इतनी पुरानी है कि तब महकमे का ही गठन नहीं हुआ था। फाइल फाइल गेम सीवर वालों से लेकर विकास वालों तक चल रहा है। तलाश आवास वालों से लेकर लोकनिर्माण वालों तक हो रही है।

### 16 फाइलों को लेकर दौड़ रहा है कौन से जनप्रतिनिधि का पीए

वैसे तो कहा ये जाता है कि उनके यहां कोई ऐसा खास नहीं बचा जिसको लात ना लगी हो। मगर फलॉवर वाले ही इस बात को उठा रहे हैं कि कम से कम उस वफादार को तो ख्याल करो जिसने तपती दोपहरी में सिर पर छाता लेकर तुम्हारे घर की छत का निर्माण कराया था। वफादारी के मामले में माली वाड़े वाले सैनी का कोई सानी ही नहीं है। मगर सुना है कि उसकी भी कहानी औरों की तहर हो गयी। उसके लिए भी दरवाजे बंद करने के निर्देश जारी हो गये थे। रोष में सब थे मगर फिर भी खामोश सब रहे। लेकिन जब सैनी की किडनी ही फेल हो गयी और वो वेंटिलेटर तक जा पहुंचा तब फलॉवर वालों ने ही ये खबर जनप्रतिनिधि तक पहुंचाई। मालीवाड़े वाले की माली हालत से लेकर हैल्थ की हालत बताई। सुना है कि इसके बाद उन 16 फाइलों की खबर ली गयी जो बन तो गयी थीं लेकिन भुगतान की आस में किसी अलमारी में बंद थीं। इन फाइलों को बाहर निकाला गया है और महकमा सूत्र बता रहे हैं कि जनप्रतिनिधि का पीएम इस पटल से लेकर उस पटल तक दौड़ रहा है। सबका प्रयास है कि फाइलों की सारी फॉरमल्टी पूरी हो जाये और भुगतान उस वफादार को हो जाये जिस पर सितम ही उसकी अपनी सरकार में हो गया।

### पहलवान और कमान्डर को याद तो होंगे डेयरी वाले मिस्टर भड़ाना

सियासत में अब उनके नाम का रूक्का गूंज रहा है। कमान्डर वाली पारी खेलने के बाद अब वो माननीय वाली पारी के बचे हुए ओवर खेल रहे हैं। उनके पास इतने सारे आईटम हैं कि वो सामने वाले को इस बात का यकीन दिला सकते हैं कि हम तो पिछले जन्म में भी तेरे थे और इस जन्म में भी तेरे हैं और भाई तू हमसे कसम खिलवा ले हम तो अगले जनम में भी तेरे रहेंगे। सियासत में किस्मत का बवंडर ऐसा आया कि कमान्डर कई किलोमीटर आगे चल रहे हैं। दोस्त को लिफ्ट कराने के चक्कर में पहलवान की पॉलिटिक्स में पिछड़ेपन का ट्विस्ट आ गया। किस्सा नदियापार वाले भड़ाना जी के यहां से निकला है। भड़ाना जी आज भी रोड़ी-बदरपुर बेच रहे हैं, और उन्हीं की जुबान से पुरानी यादों को याद करते हुए ये फसाना निकल गया। उन्होंने कहा कि यही वाला तख्त था, और इसी पर दोनो बैठा करते थे। बदरपुर का वो कोने वाला ढिया और भड़ाना जी की रोड़ी की दुकान कमान्डर और पहलवान को याद तो होगी।

## पूज्य संत विजय कौशल जी महाराज की श्री रामकथा का आयोजन

# भाजपा शहर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भाजपा नेता रामावतार जिंदल को दिया निमंत्रण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धर्म, संस्कार और मर्यादा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाली दिव्य श्री रामकथा का आयोजन 25 जनवरी से 01 फरवरी 2026 तक रामलीला मैदान, कविनगर, गाजियाबाद में किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध संत विजय कौशल जी महाराज द्वारा श्रीरामकथा की अमृतवर्षा की जाएगी। श्री रामकथा के इस आयोजन को लेकर मयंक गोयल, भाजपा शहर अध्यक्ष गाजियाबाद की ओर से धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा नेता रामावतार जिंदल को भी श्री रामकथा में सहभागिता हेतु औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया गया।

निमंत्रण स्वीकार करते हुए रामावतार जिंदल ने आयोजन समिति एवं भाजपा शहर अध्यक्ष मयंक गोयल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूज्य विजय कौशल जी महाराज के श्रीमुख से निकलने वाली रामकथा समाज को धर्म, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

भाजपा शहर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि यह श्री रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने गाजियाबाद के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की कि वे परिवार सहित समय से पहुंचकर पूज्य महाराज के मार्गदर्शन का लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि यह दिव्य आयोजन रामलीला मैदान, कविनगर में प्रतिदिन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न होगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# सोनू कश्यप हत्याकांड के विरोध में कश्यप समाज का कैंडल मार्च

## न्याय, सरकारी नौकरी व 50 लाख मुआवजे की मांग, आंदोलन की चेतावनी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कश्यप समाज द्वारा मेरठ के ज्वालागढ़ में हुए सोनू कश्यप हत्याकांड के विरोध में रविवार को कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च के दौरान समाज के लोगों ने सोनू कश्यप को शीघ्र न्याय दिलाने और हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग की।

इस अवसर पर कश्यप समाज ने यह भी मांग रखी कि पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए तथा 50 लाख रुपये मुआवजा प्रदान किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में कश्यप समाज में गहरा रोष व्याप्त है। यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो जनपद गाजियाबाद में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।





कैंडल मार्च में राजन कश्यप, उमेश कश्यप, सचिन कश्यप, नवीन कश्यप, जिले खान सलमानी, पंकज कश्यप, पंकज महेश्वरी, सुरेंद्र कश्यप, विनोद कश्यप, वरुण, हेमंत सिंह, गगन कश्यप, अमर सिंह कश्यप, कर्मवीर कश्यप, रोहित कश्यप, तुषार कश्यप, राजकुमार कश्यप, देवेंद्र कश्यप, प्रदीप कश्यप, अनुज कश्यप, राहुल कश्यप, मोहित कश्यप, अजय कश्यप, संजय कश्यप, मास्टर विकास, सोनी कश्यप, हैप्पी कश्यप, अनिल कश्यप, किरण कश्यप, रतन कश्यप, मधुसूदन सोनी, किरण सोनी, जगत सिंह, ब्रजेश कश्यप, मुकेश कश्यप, बिट्टू त्यागी, सचिन खत्री, अमन कश्यप, रिंकू कश्यप, अमित कश्यप, विपिन कश्यप, प्रमोद कश्यप, प्रवीण कश्यप, चंद्रभान कश्यप, रामराजपाल कश्यप, धनेश कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा की बैठक आयोजित



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भाजपा युवा मोर्चा की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई विषयों पर अहम चर्चा हुई। सीकरी रोड स्थित युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष निखिल वत्स व राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री दीपक वत्स ने अपने विचार रखते हुए संगठन व अनेक अहम मुद्दों को लेकर चर्चा की। मुख्य रूप से युवा मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, जिला महामंत्री कुलदीप सोलंकी व भोजपुर के मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विश्व पुस्तक मेले के भ्रमण से छात्र-छात्राओं ने जाना शोध और साहित्य का महत्व



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** स्थानीय लाजपत राय कॉलेज के स्ववित्तपोषित विभाग (बी.कॉम, बीसीए एवं एम.एससी.) द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु नई दिल्ली में आयोजित 'विश्व पुस्तक मेला 2026' का एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक पुस्तकों, अंतरराष्ट्रीय शोध साहित्य एवं नवीन ज्ञान संसाधनों से रूबरू कराना था। मेले में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों के स्टालों पर जाकर अपनी रुचि और विषय से संबंधित नवीनतम साहित्य का अवलोकन किया। शैक्षणिक दृष्टिकोण का विकास कॉलेज प्रशासन के अनुसार, इस तरह के आयोजनों का लक्ष्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाना है। पुस्तकों के विशाल संग्रह के बीच विद्यार्थियों ने न केवल अपनी पाठ्यपुस्तकों, बल्कि डिजिटल लर्निंग और समसामयिक विषयों पर उपलब्ध महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त की।

इनके मार्गदर्शन में सफल हुआ भ्रमण यह शैक्षणिक यात्रा डॉ. रीमा सोढ़ी, डॉ. पूजा अरोड़ा, श्याम पांडेय, स्वप्निल जी, प्रीति सिंह, अमन गोयल एवं दिव्यांशी पाल के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शोध के महत्व और सही संदर्भ सामग्री के चुनाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और शैक्षणिक विकास की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम बताया है।

# सुभास पार्टी की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर मंथन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) की मासिक चर्चा रविवार को पार्टी कार्यालय I 10 जगदीश नगर पटेल नगर थर्ड गाजियाबाद पर आयोजित की गई जिसमें पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने आपस में पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की। चर्चा की शुरूआत करते हुए विनोद अकेला ने बताया कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन के बाद पार्टी की गतिविधियों में शिथिलता आ गई थी, हमें अध्यक्ष जी के सपनों को साकार करना है तो पार्टी में आई शिथिलता को दूर करना होगा, इसके लिए हमें अपनी जिला इकाइयों को एक्टिव करना होगा।



संवाद को आगे बढ़ते हुए सत्येंद्र यादव ने बताया की संगठन की शक्तियां क्या है किस तरह से संगठन को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सबसे प्राचीन पार्टी कांग्रेस पार्टी किस तरह से आगे बड़ी उसके बारे में भी बताया और सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी को संगठित करने पर जोर दिया। पवन सक्सेना ने इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर चर्चा की। धीरेंद्र सिंह की भदोरिया ने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया उन्होंने कहा की पार्टी के समस्त पदाधिकारी को पार्टी की सदस्यता बढ़ाने के लिए जनता के बीच जाना चाहिए। अनिल मिश्रा ने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जाए इस संबंध में अपना वक्तव्य दिया।

पार्टी की इस मासिक बैठक में विशेष रूप से अनिल सिन्हा, दिनेश चंद माथुर, जतिन सहगल, मयंक ग्रोवर, रंजीत शर्मा, गणेश शर्मा, सुभाष चंद्र पांडे, दीपक वर्मा, कमल यादव, पवन सक्सेना, राम गणेश सिंह, विनोद कुमार सिंह अकेला, सत्येंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह भदोरिया, अनिल मिश्रा, आर पी शुक्ला, मुकेश राज, गिरीश मिश्रा, राजेंद्र यादव, विकास, धर्मेंद्र आर्य, ऋषि, उमेश शुक्ला, सोनिया शुक्ला, सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया अंत में विनोद कुमार सिंह अकेला ने राष्ट्रगान के साथ पार्टी की मासिक चर्चा के समापन की घोषणा की।

# कवि नगर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, जयघोष के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर के एल-ब्लॉक स्थित शिव मंदिर में आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत गीता कथा के उपलक्ष्य में रविवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। निवेदक पंडित अशोक भारतीय ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के क्रम में मुख्य कथा का आयोजन 19 जनवरी से 25 जनवरी तक किया जाएगा। शोभा यात्रा में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता और महिला पदाधिकारी काजल छिब्बर ने विशेष रूप से शिरकत की। इनके साथ ही अशोक भारतीय, संजय शर्मा और आशु पाठक ने भी यात्रा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



इस भव्य आयोजन और कलश यात्रा को सफल बनाने में रघुवीर भसीन, एम.एम. अग्रवाल, पूनम त्यागी, नवीन त्यागी, श्याम अग्रवाल एवं पूजा का विशेष सहयोग रहा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Ashu Kumar Verma**
3h ·

सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 9 राज नगर , आज वोट बनाई जा रही है



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह एक कार्यकर्ता का भाव है और यह एक जिम्मेदारी का भी एहसास है। पूर्व मेयर आशु वर्मा अपने बूथ सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 9 राज नगर पर मौजूद रहे। लोगों को मतदाताओं को जागृत किया और वोटो को मतदाता सूची में दर्ज कराया। एक प्रमुख नेता और पूर्व जन्मप्रतिनिधि द्वारा भाजपा की कार्यकर्ता संस्कृति का एक बेहतर संदेश दिया गया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत गाजियाबाद के 8937 लाभार्थियों को सिंगल क्लिक में मिली पहली किस्त




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से उत्तर प्रदेश के लगभग दो लाख लाभार्थियों को पहली किस्त की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में गाजियाबाद के 8937 लाभार्थियों को एक लाख रुपये की प्रथम किस्त का लाभ मिला।

इस अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हिंदी भवन, लोहिया नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में लगभग 500 लाभार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित कर शुभकामनाएं दी गईं।

मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से योजना की पहली किस्त जारी करते हुए लाभार्थियों से सीधा संवाद किया गया। उन्होंने लाभार्थियों और उनके परिवारजनों का हाल-चाल जाना तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हिंदी भवन में उपस्थित लाभार्थियों को दिखाया गया।

कार्यक्रम में लाभार्थियों ने गाजियाबाद नगर निगम एवं डूडा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

मौके पर पीओ डूडा के रूप में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी नजारत डॉ. अनुज सहित संबंधित विभागों की टीम उपस्थित रही।

### पात्र लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाना प्राथमिकता – सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के माध्यम से पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

### योजना का क्रियान्वयन तय समय में किया गया – विक्रमादित्य सिंह मलिक

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत पहली किस्त जारी करने की प्रक्रिया को समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया गया है। आगे भी योजना के सभी चरण नियमानुसार पूरे किए जाएंगे।

### आवास योजना से कमजोर वर्ग को मिला संबल – नंदकिशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को स्थायी आवास का लाभ मिल रहा है। यह योजना लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

# वार्ड 54 वसुंधरा में मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन

## पार्षद सतेंद्र चौधरी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-वार्ड 54 में निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न बूथ केंद्रों पर मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नए वोट बनाने के लिए 'फॉर्म-6' भरवाने का कार्य मुख्य रूप से किया गया।

क्षेत्रीय पार्षद सत्येंद्र चौधरी ने वार्ड के सभी बूथ सेंटरों का दौरा कर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों को अपना वोट बनवाने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर बीएलओ के सहयोग के लिए मुस्तैद रहे। निरीक्षण के दौरान पार्षद सतेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं और बीएलओ से बातचीत कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। जिन बूथों पर निवासियों को फॉर्म भरने या तकनीकी स्तर पर समस्याएं आ रही थीं, उनके समाधान के लिए पार्षद ने तुरंत संबंधित उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता की और मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया।

सत्येंद्र चौधरी ने निवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वोट की बड़ी ताकत है, इसलिए जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं है, वे अपना फॉर्म भरकर नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। उन्होंने बीएलओ और कार्यकताओं को निर्देशित किया कि वे बुजुर्गों और पहली बार वोट बनवाने वाले युवाओं का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य निवासी और वार्ड समिति के सक्रिय कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा इंदिरापुरम मंडल ने चलाया मतदाता सत्यापन अभियान




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी इंदिरापुरम मंडल ने वार्ड 79 और 81 में एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सत्यापन अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर महानगर से प्रवासी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने बूथ संख्या 679 और 627 पर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और फॉर्म 6 वितरित किए। उन्होंने घर-घर जाकर सत्यापन किया और नए वोट बनाने के लिए जानकारी दी। इस अभियान में बूथ अध्यक्ष आदित्य कश्यप, प्रयाग दत्त, बूथ प्रवासी अजय गुप्ता, गायत्री पांडे और बीएलए 2 उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हरीश काराकोटी ने भी अपना समर्थन दिया। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची में अधिक से अधिक लोगों के नाम जोड़ना है। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कहा कि इस अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा और सभी को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए काम किया जाएगा।

# भोवपुर वार्ड 21 में भाजपा नेता बीनूराम गौतम ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोवपुर वार्ड 21 में भाजपा पूर्व पार्षद प्रत्याशी नेता बीनूराम गौतम ने बीएलओ के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने लोगों को घर-घर जाकर फार्म 6 भरवाए और मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

बीनूराम गौतम ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि वार्ड के सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

इस अभियान में बीएलओ ने भी लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए जानकारी दी और फार्म 6 भरने में मदद की। इस अवसर पर वार्ड के कई कार्यकर्ता और मतदाता उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के तहत लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए फार्म 6 भरवाए जा रहे हैं और उन्हें मताधिकार के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# तीन करोड़ की लागत से मोदीनगर में लगेगा प्रदूषण मापक यंत्र



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शहर के बढ़ते प्रदूषण से राहत दिलाये जाने के लिए अब यहां करोड़ों की लागत से प्रदूषण मापक यंत्र लगने की कवायत तेज हो गई है। इससे प्रदूषण भी नियंत्रित होगा वही लोगों को वायु गुणवत्ता सूचकांक की जानकारी भी मिलेगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूसीपीसीबी) मोदीनगर में माह मार्च में प्रदूषण मापक यंत्र स्थापित कर रहने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए उचित स्थान का चयन भी कर लिया गया है। सर्वे का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। संभावना है कि मार्च माह में इसको लगायें जाने की तैयारी पूरी हो जायेंगी। इसका मकसद शहवासियों को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की जानकारी देना और प्रदूषण के कारणों का पता लगाना है। इसके सुचारू रूप से संचालित किये जाने के उपरान्त शहर में एक्यूआई में कमी आने की उम्मीद की जा सकती है। आने वाले दिनों में मोदीनगर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी पता चल सकेगा कि वह कितनी जहरीली हवा में रह रहे हैं। सूत्रों की मानें तो ये यंत्र मार्च माह के प्रथम सप्ताह में लग जायेंगा। शहर के एसआरएम इंस्टीयूट ऑफ सांइस एण्ड टैक्नोलॉजी में लगाया जायेंगा। प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि मोदीनगर में सैकड़ों की संख्या में औद्योगिक इकाईयां और जाम की सबसे बड़ी समस्या रहती है।

इस कारण यहां का प्रदूषण बहुत अधिक रहता है। प्रदूषण मापक यंत्र लगने से यहां के लोगों को भी एक्यूआई का पता चल सकेगा। अधिकारियों को कहना है कि मोदीनगर में लगने वाले प्रदूषण मापक यंत्र पर करीब तीन करोड़ का बजट खर्च किया जा रहा है।

# शालीमार गार्डन में गूंजा राष्ट्रवाद का शंखनाद: विराट हिंदू महासम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन स्थित स्वामी दयानंद पार्क में 'हिंदू जागरण मंच' (चंद्रशेखर बस्ती, लवकुश नगर, वैशाली महानगर) के तत्वावधान में आयोजित 'विराट हिंदू महासम्मेलन' भव्यता और ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और कार्यकताओं की उपस्थिति ने क्षेत्र को भक्ति और राष्ट्रभाव के रंग में सराबोर कर दिया।

**धर्म और राष्ट्र रक्षा का आह्वान :** महासम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत प्रचारक अनिल जी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी जी महाराज, मरघट वाले बाबा गुरुजी वैभव शर्मा और विभाग कार्यवाह देवेंद्र प्रताप जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से धर्म और संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**राम-शबरी प्रसंग ने किया भावविभोर :** सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। विशेष रूप से 'राम-शबरी प्रसंग' के भावपूर्ण मंचन ने उपस्थित जनसमूह की आंखें नम कर दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने भारतीय गौरवशाली संस्कृति की जीवंत झलक पेश की। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कुमकुम गुप्ता, समृद्धि गुप्ता एवं सुशील चौहान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर प्रतीक माथुर, महानगर संचालक माखनलाल राम चरण, शिवनाथ , महानगर प्रचारक रोहित, सचिव राजीव गुप्ता, व्यवस्था प्रमुख संजीव गुप्ता, सुबोध बढ़ाना, आलोक मिश्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख सुमन गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव और पार्षद राहुल शर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# चीन के जासूसों के खिलाफ ताइवान ने छेड़ा अभियान खुफिया जानकारी देने के आरोप में रिपोर्टर गिरफ्तार




**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच ठनी हुई है। चीन जहां ताइवान पर कब्जे की हरसंभव कोशिशों में जुटा है। वहीं ताइवान भी अपने बचाव में हर कदम उठा रहा है। इसी के तहत ताइवान ने देश में चीन के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया है और एक रिपोर्टर और सैन्य अधिकारियों को पकड़ा है।

चीन के साथ जारी तनातनी के बीच ताइवान की सरकार ने देश में चीन के जासूसों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। इसी के तहत ताइवान के एक रिपोर्टर को हिरासत में लिया गया है। रिपोर्टर पर आरोप है कि उसने सेना के अधिकारियों को चीन की जासूसी करने के लिए उकसाया और उन्हें रिश्वत दी। ताइवान के कियाओटौ डिस्ट्रिक्ट प्रॉसिक्यूटर ऑफिस ने एक बयान में बताया कि एक डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने एक टेलीविजन रिपोर्टर और पांच मौजूदा और रिटायर्ड मिलिट्री अधिकारियों को हिरासत में लेने का आदेश दिया है। बयान में पत्रकार की पहचान नहीं बताई गई, लेकिन उळ ळश ने अपने रिपोर्टर लिन चेन-यू की हिरासत के बारे में एक बयान जारी किया। मीडिया कंपनी ने कहा कि उसे मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन उसने निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया की मांग की। ताइवान सरकार देश और सेना के भीतर जासूसी के मामलों की नियमित रूप से जांच करती है, लेकिन पत्रकारों के खिलाफ आरोप लगना असामान्य बात है। चीन, ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और जरूरत पड़ने पर द्वीप पर बलपूर्वक कब्जे की धमकी देता है। चीन द्वारा ताइवान पर सैन्य दबाव बढाया जा रहा है।

पिछले महीने ही जब अमेरिका ने ताइवान को बड़े पैमाने पर हथियारों की बिक्री का एलान किया तो चीन की सेना ने दो दिनों तक ताइवान की सीमा के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया था।

**ताइवानी पत्रकार पर लगे ये आरोप:** अभियोजन पक्ष ने लिन पर मौजूदा सैन्य अधिकारियों को 'चीन के लोगों' को खुफिया जानकारी देने के बदले में कई हजार ताइवानी डॉलर देने का आरोप लगाया है।

हालांकि ताइवानी अभियोजन पक्ष कार्यालय ने यह नहीं बताया कि वे चीनी लोग कौन थे और क्या वे चीनी सरकार से जुड़े थे या नहीं।

# सनातन एकता के संकल्प के हनुमान दल ने निकाली यात्रा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में हनुमान दल द्वारा समाज में समरसता और एकजुटता लाने के उद्देश्य से 'एकता यात्रा' का सफल आयोजन किया गया। अवधेश पांडे के कुशल नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों और भारी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान भाजपा नेता योगेश भाटी, जीतू राय और मंडल अध्यक्ष गुलाब राजोरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यकताओं ने हनुमान जी के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और ऊजार्वान हो गया।

यात्रा में शामिल सभी भक्तों और नागरिकों ने 'सनातन हिंदू एकता' को अक्षुण्ण बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली। भाजपा नेता योगेश भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी यात्राएं समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करती हैं और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ती हैं।

समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोना और सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

# ग्रीनलैंड की सुरक्षा पश्चिम के लिए अहम:जॉन बोल्टन

**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा पश्चिम के लिए अहम है, लेकिन ट्रंप की टैरिफ धमकियां आर्कटिक की स्थिरता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को किसी भी हालत में अपने अधीन करना चाहते हैं, लेकिन डेनमार्क ने साफ कर दिया है कि वह इस मामले में किसी भी हद तक नहीं जाएगा। यूरोप के अधिकांश देशों ने डेनमार्क का समर्थन किया है, जिससे ट्रंप काफी परेशान हैं। इसके जवाब में उन्होंने यूरोप के आठ प्रमुख देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। हालांकि, ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने इस कदम को बेतुका और असंगत बताया है।

'ग्रीनलैंड की सुरक्षा पश्चिम के लिए अहम': जॉन बोल्टन ने कहा है कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा पश्चिमी देशों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# रूस-चीन और इस्लामिक देशों के समीकरण में कितना बदला माहौल



**ईरान में जारी हिंसक प्रदर्शनों की रफ्तार धीमी पड़ रही है। वहीं ट्रंप ने की ओर से लगतार मिल रही धमकियां भी कम हुई हैं। देश के राजनयिकों का कहना है कि यह एक तूफान के गुजर जाने जैसी स्थिति है, लेकिन इससे बड़े तूफान आने का अंदेशा बरकरार है।**

**तेहरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी देना भले की बंद कर दिया है, लेकिन उनके मूल इरादे जस के तस हैं। उधर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने राष्ट्रपति ट्रंप को सीधे ह्यअपराधीह्ण करार दिया है। देश के राजनयिकों का कहना है कि यह एक तूफान के गुजर जाने जैसी स्थिति है, लेकिन इससे बड़े तूफान आने का अंदेशा बरकरार है। एक पूर्व विदेश सचिव भी कहते हैं कि मुख्य समस्या तो जस की तस है।

**ईरान ने कैसे किया मंडराए खतरे का सामना:** अली खामेनेई कहते हैं कि ईरान में विरोध प्रदर्शन के बवंडर के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया और एजेंसियां भी ईरान में हिंसक प्रदर्शन के धीमा पड़ने की खबर दे रही हैं। रूस में बैठे सामरिक और रणनीतिक मामलों के जानकार विनोद शर्मा कहते हैं कि ईरान में प्रदर्शन को रोकने में शिया मिलिशिया ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस्लामिक मिलिशिया ने भी इसे बहुत संवेदनशीलता से लिया। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने भी अमेरिका और इस्राइल को निर्णायक संदेश देने में कोई हिचक नहीं दिखाई। बताते हैं इराक की शिया मिलिशिया ने भी ईरान को समर्थन दिया। इराक के बसरा आदि क्षेत्र से जमीन के रास्ते शिया लड़ाकों ने ईरान का रुख किया था। इसके अलावा ईरान ने विश्वभर के मित्र देशों से खास पहल की। रणनीतिक और सामरिक मामले के वरिष्ठ सूत्र ने कहा कि बात इतनी नहीं थी। अस्तित्व के बचाव में ईरान भी अपना आक्रामक विकल्प तैयार कर चुका था। ईरान हवाई सुरक्षा प्रणाली, हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली समेत अन्य को सक्रिय कर चुका था। इसका अमेरिका के मध्य एशिया और इसके आस-पास 19 सैन्य बेसों तथा इस्राइल पर सीधा हमले का खतरा मंडरा रहा था। माना जा रहा है कि ईरान के हमले से संभावित नुकसान अमेरिकी रणनीतिकारों को भी चेता रहे थे।

**कितने खतरनाक हैं ईरान के आईआरजीसी:** आरजीसी (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स) ईरान की 1.5-2 लाख लड़ाकों की इलिट फोर्स है। ईरान की सेना देश के संप्रभुता की रक्षा करती है, लेकिन 1979 में गठित आरजीसी ईरान की एकता, अखंडता को बनाए रखने के लिए समर्पित है। यह सर्वोच्च नेता के अधीन काम करती है।

इसे ईरान की सबसे प्रशिक्षित उच्चस्तरीय कमांडरों की फोज माना जाता है। इराक (बगदाद) में 3 जनवरी 2020 को अमेरिकी हमले के दौरान मारे गए ईरान के मेजर जनरल सुलेमानी ने इस क्षेत्र में बड़ा काम किया था। कुद्स फोर्स सीधे खामेनेई को रिपोर्ट करती थी और फिलिस्तीन के संगठन हमास, लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हूती संगठन के अलावा इराक की पापुलर मोबलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) को खड़ी करने में जनरल सुलेमानी ने अहम भूमिका निभाई थी।

वह पश्चिम एशिया में ईरान के समर्थन से तमाम प्राक्सी खड़ा करने के रणनीतिकारों में थे और अमेरिकी स्टेट्रजी प्लानर भी जनरल सुलेमानी से खौफ खाते थे। माना जा रहा है कि इन्हीं प्राक्सीज के लड़ाकों के जरिए ईरान ने आतंरिक विरोध प्रदर्शन को निर्ममता के साथ कुचल दिया। भारतीय वायुसेना के पूर्व एयरवाइस मार्शल एनबी सिंह कहते हैं कि ईरान को निर्ममता से इसे कुचलने के लिए रूस के राष्ट्रपति की पहल पर सुरक्षित अवसर मिल सका।

**खतरा टला है, खत्म नहीं हुआ**

एनबी सिंह कहते हैं कि ईरान के सिर से खतरा टला है, खत्म नहीं हुआ। ईरान से तनाव की असल जड़ में इस्राइल है। इस्राइल को पूरे मध्य एशिया में सबसे बड़ा खतरा ईरान से ही नजर आता है। जून 2025 में दोनों देशों का टकराव अंतिम मोड़ तक पहुंच चुका था। ईरान अमेरिका के नियंत्रण से बाहर है। दूसरे अमेरिका को परमाणु हथियार से संपन्न ईरान नहीं चाहिए। ईरान के अमेरिकी दबाव में परमाणु कार्यक्रम रोक देने की कोई संभावना नहीं है। दूसरी तरफ ईरान के रूस और चीन से गहराई का रिश्ता है। यूक्रेन पर हमले के दौरान ईरान ने रूस की काफी सहायता की है। सीरिया में दोनों देश मिलकर बशर अल असद की सरकार को समर्थन दे रहे थे। मध्य एशिया में शक्ति संतुलन के लिहाज से भी ईरान की भूमिका है।

# कराची के मॉल में लगी भीषण आग हादसे में तीन लोगों की जलकर मौत

**कराची।** सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आपातकालीन कार्यों को सुगम बनाने के लिए यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाए। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि आग लगने के कारण का पता गहन जांच के जरिए लगाया जाना चाहिए।



पाकिस्तान के कराची में शनिवार देर रात एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि शनिवार देर रात कराची के एमए जिन्ना रोड स्थित गुल प्लाजा शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक कराची के सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के कार्यकारी निदेशक डॉ. साबिर मेमन ने बताया कि तीन शव अस्पताल लाए गए थे। उन्होंने कहा कि तीनों ही लोग अस्पताल लाए जाने के समय मृत थे। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण के पुलिस उप महानिरीक्षक सैयद असद रजा ने कहा कि इस घटना में कम से कम सात अन्य लोग घायल हुए हैं।

**आग में कई लोगों के फंसे होने की आशंका:** बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि आग ऊंची व्यावसायिक इमारत के भूतल पर स्थित दुकानों में लगी, जबकि ऊपरी मंजिलों पर कई लोगों के फंसे होने की खबर है। बचाव दल के प्रवक्ता हसनुल हसीब खान ने बताया कि छह घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया 'प्रेरणा स्थल' का लोकार्पण

## अटल बिहारी वाजपेई सहित 9 महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण, शालीमार गार्डन में कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन क्षेत्र के वार्ड 37 अंतर्गत विक्रम एन्क्लेव, 80 फुटा रोड पर निर्मित 'प्रेरणा स्थल' का लोकार्पण कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को देश के महापुरुषों के जीवन और योगदान से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अटल बिहारी वाजपेई सहित कुल 9 महापुरुषों की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। आयोजन में प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, वार्ड 37 के पार्षद एवं कार्यक्रम संयोजक रवि भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान दीपक ठाकुर, धर्मपाल चौधरी, गौरव गर्ग, राहुल शर्मा, बबली चौहान, पंकज चौधरी, सुदीप शर्मा, विरपाल कटारिया, सोमनाथ चौहान, सुधीर, टिंकू, इंदरपाल चौधरी, दुष्यंत चौधरी, सर्वेश, प्रवीण, सोनू चौधरी, दीपक मिश्रा, कैलाश भट्ट, अजयचंद प्रधान, आकाश, सूरज, रोहित, मुकेश, हरीश खर्कवाल सहित अन्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



### महापुरुषों का स्मरण समाज को दिशा देता है : बृजेश पाठक

**करंट क्राइम।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रेरणा स्थल के माध्यम से समाज को महापुरुषों के जीवन और उनके योगदान से जोड़ने का प्रयास किया गया है। जिन महापुरुषों की प्रतिमाएं यहां स्थापित की गई हैं, उनका देश और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे स्थलों से नई पीढ़ी को इतिहास और मूल्यों से परिचित होने का अवसर मिलता है।

### प्रतिमाएं जनसहयोग से स्थापित की गईं : सरदार सिंह भाटी

**करंट क्राइम।** पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने बताया कि प्रेरणा स्थल पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस और श्यामवती देवी की प्रतिमाएं जनसहयोग से स्थापित की गई हैं।

### स्थल को सार्वजनिक उपयोग के उद्देश्य से विकसित किया गया : रवि भाटी

**करंट क्राइम।** पार्षद रवि भाटी ने कहा कि प्रेरणा स्थल को क्षेत्र के नागरिकों के लिए सार्वजनिक उपयोग के उद्देश्य से विकसित किया गया है, जहां लोग महापुरुषों के जीवन और विचारों से परिचित हो सकेंगे।

## राजनगर आरडब्ल्यूए की बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं व मतदाता जागरूकता पर चर्चा

# सभी पात्र लोग अपना वोट अवश्य बनवायें : प्रवीण चौधरी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर आरडब्ल्यूए की बैठक सेक्टर-13 स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में राजनगर के विभिन्न सेक्टरों से आए वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों तथा सेक्टर पदाधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान राजनगर क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने सुरक्षा, नागरिक सुविधाओं और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर अपने विचार साझा किए।

आरडब्ल्यूए की ओर से सम्मानित नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी परिवार का कोई भी वोट छूटने न पाए और सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल हो। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सीए डी. के. गोयल ने बैठक में आरडब्ल्यूए के प्रस्तावित नए बायलॉज की जानकारी दी और उपस्थित नागरिकों से उनके सुझाव एवं विचार लिए। इसके साथ ही पूरे राजनगर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के विषय पर भी चर्चा हुई। बैठक का एक महत्वपूर्ण विषय एसआईआर एवं मतदाता सूची से संबंधित समस्याएं रहीं। विभिन्न सेक्टरों के पदाधिकारियों ने वोट बनवाने में आ रही दिक्कतों को सामने रखा और लोगों को जागरूक किया। इस जागरूकता का प्रभाव यह रहा कि राजनगर के अधिकांश बूथों पर बड़ी संख्या में जागरूक मतदाता अपने वोट बनवाने के लिए उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी से निवेदन किया गया कि वे अपने परिवार, परिचितों, पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों का वोट अवश्य बनवाएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे। बैठक के मुख्य अतिथि प्रवीण चौधरी रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमनें जब देखे रूद्र सा प्रताप रखने वाले त्यागी के होर्डिंग? तब हमको हुआ कुछ अलग ही फील? अगर वो लगा देते उसमें विधायक जी का फोटो, तो कौन सी उनकी राजनीतिक जमीन जाती हिल? कहने वाले ने कहा राजनीति में आपसी भाईचारे और शिष्टाचार का भी होता है ध्यान? जरूरी नहीं है जैसा कसाना जी कर रहे हैं वैसा वो भी करें श्रीमान? उस वाली विधानसभा के कुछ और ही हैं हालात? यहां वाले बड़ा दिल रखते हैं अपना हो या पराया? कम से कम हंस कर तो करते हैं बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसलिए हमको भगवा वरिष्ठ कश्यप जी का अंदाज लगता है खास? वो जो भी कुछ करनी होती है खुलकर कर देते हैं बात? नहीं दिखाई देती हमको उनके शब्दों मे कोई लाग-लपेट? हमने उनके शब्द तब सुने जब खुले रामलीला के गेट? उन्होंने पाठक जी के स्वागत में खड़े चेहरों का खींचा अपनी ओर ध्यान? कहा हम आपके साथ खड़े होकर क्या करेंगे? आखिर पाठक जी हमें कहां जानते हैं श्रीमान? ये कहकर अंदर की कुर्सी में हो गये कश्यप जी विराजमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा के घर पर बहुत खूब रहा पाठक जी का प्रोग्राम? हमने देखा वो लगभग 20 मिनट रहे वहां पर विराजमान? जब तक चलती रही उनकी ये वाली वीडियो सोशल मीडिया पर? तब तक मचा रहा कई खास चेहरों के दिल में घमासान? कह रहे थे वो एक ही बात? जब उन चार चेहरों को बुलाया तो हममें क्या था खराब? हम भी तो करते हैं भगवा योद्धा से मोहब्बत बेशुमार? ये ही तो मौके होते हैं जब वो बढ़ा सकते हैं हमारा मयार? जो भी हो हमारा उनसे यूं ही बरकरार रहेगा प्यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोग भी बहुत बारीकी से लगाते हैं बातों पर ध्यान? मैं जब वहीं खड़ा था जब भगवा लेडी मैम्बर खींच रहीं थी विधायक जी का अपनी बातों पर ध्यान? दे रहीं थी उनको संदेश कि आपको सालगिरह की बधाई देने के लिए आपके कार्यालय पर फूलों का गुलदस्तां लेकर गया था मेरा फेस? हमने सुना है जब सुने विधायक जी की बिरादरी वाली मेम्बर ने ये अल्फाज? तो उन्होंने खींच कर ताना मारा और बोले? आपके पास टाईम ही कहां होता है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बड़े-बड़े नेताओं और आईएएस-आईपीएस अधिकारियों से अपनी पहचान को महिमामंडित करने वाले शर्मा जी भी थे जानकी जी के भवन के बाहर मौजूद? यहां उनके साथ में दिखाई दे रहा था भगवागढ़ के कई पार्षदों का वजूद? उन्होंने कहा थोड़ा मेरे साथ खड़े रहने में रहो सावधान? अगर किसी बड़े जनप्रतिनिधि ने तुम्हें मेरे साथ फोटो में देख लिया? तो फिर बिगड़ जायेंगे तुम्हारे काम? हम सब तो अकेले में भी कर लेंगे मुलाकात? मगर तुमको रखना होगा उस गाने को याद? जिसमें कही थी सिंगर ने ये बात सटीक? चलो चलें दूर कहीं, प्यार करने के लिए ये जगह नहीं है ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जज्बा हो तो भगवा चौपड़ा जैसा? नहीं तो सब कुछ है बेकार? हमने देखा वो बनारस की धार्मिक यात्रा पर थे? लेकिन पाठक जी के कार्यक्रम को लेकर वो हवाओं का सीना चीरते हुए पहुंच गये कार्यक्रम में यार? फिर जो हुआ उसको लेकर हमारे दिल को भी लगा आघात? वो गेट से अंदर घुस रहे थे और खाकी वालों ने अड़ा दिये उनके सामने हाथ? कहा अब कार्यक्रम के बाद ही होगी आपकी मुलाकात? मगर वर्दी वालों को नहीं पता था ये पुराना क्रान्तिकारी है साहब? उसने पूरे गौरव से कार्यक्रम में जाने का बना लिया रास्ता? देखना अब ये है योद्धा इस सक्रिय चेहरे की क्या पूरी करेंगे अधूरी दास्तां?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात हमारी लिख लो आप? कृपा उस मुस्लिम चेहरे पर होने वाली है? जिसने टेस्टी समोसों की व्यवस्था की थी साहब? देखना उसके सिस्टम के मोर्चे वाली जिम्मेदारी आयेगी उसके हाथ? क्योंकि अब काम उसी को बतायें जा रहे हैं जिसको सिस्टम में लाना है साहब? कहने वाले ने कहा अगर आपने समोसा खाया होता? तो आपको भी हो गया होता हमारी बात का अंदाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो पहले ही कह रहे थे उनके दिल में कसाना जी के लिए स्पेशल स्पेस है साहब? अगर ऐसा नहीं होता तो नागर जी भी नजर आते उनके साथ? वैसे भी लाईन पार की नदिया पार के मुकाबले ज्यादा नहीं है उनके घर की दूरी? कुछ तो वजह होगी जो कसाना जी को उन्होंने साथ लेकर चलना समझा होगा जरूरी? वैसे हमें पता है कि नागर जी का दिल दरिया है और बहुत है उसमें स्पेस? इस मुलाकात को देखकर उनको नहीं लगी होगी ठेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात तो भगवा योद्धा के अवतरण के बाद बदली है श्रीमान? उन्होंने अब परमानेंटली बदल दिया है स्वागत का स्थान? वो यूपी गेट से ज्यादा कराते हैं अब इनमेनटेक के सामने स्वागत वाले प्रोग्राम? प्रदेश अध्यक्ष के पहले स्वागत के बाद दूसरे वेलकम में उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है श्रीमान? जो भी हो जो ट्रैक से हटके काम करता है वो ही स्थापित करता है पहचान? ऐसा करने वालों में टॉप पर आता है भगवा योद्धा का नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा का ऐसा है किरदार? वो कुछ ऐसा तय कर देते हैं कि मुस्कुराहट की भूमिका हो जाती है तैयार? पाठक जी के स्वागत में उन्होंने जिस तरह वेद प्रकाश चतुर्वेदी, ककक....करन और प्रिय कसाना का रखा ध्यान? कहने वालों ने कहा कसम से उनकी इस अदा ने हमारा दिल जीत लिया है श्रीमान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**


ॐ **शोक संदेश** ॐ



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**कंचित कुमार त्यागी** पुत्र स्व० श्री दुलीचन्द त्यागी जी
का स्वर्गवास दिनांक 10 जनवरी 2026 दिन शनिवार को हो गया था।
ईश्वर की ऐसी इच्छा थी। अतः आप सभी से निवेदन है कि समयानुसार
उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतू प्रभू से प्रार्थना करें।

!!श्रद्धांजलि-सभा !!
सोमवार, दिनांक 19 जनवरी 2026
हवन.......................................प्रातः 8:00 बजे
श्रद्धांजलि....................................दोपहर 1:00 बजे
स्थान ग्राम मंडौला, गाजियाबाद मो: 8010080066,8800494164,9555423581


## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026

# मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर गाजियाबाद में विशेष अभियान

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण



**निर्धारित समय-सीमा में दावे-आपत्तियों का निस्तारण जरूरी, जागरूक नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र की नींव**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत रविवार को जनपद गाजियाबाद में दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने अपने-अपने मतदेय स्थलों पर बैठकर आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया और अर्ह एवं छूटे हुए मतदाताओं से फार्म-6 (नया नाम जोड़ने हेतु) मय घोषणा पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए।

अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 55-साहिबाबाद के मतदान केंद्र इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल (न्याय खंड प्रथम) तथा मदन मेमोरियल पब्लिक स्कूल (शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2) के मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे और विशेष अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। 54-विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र इन्ग्राहम इंटर कॉलेज एवं सेंट पॉल स्कूल, राजनगर का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद नागरिकों को फार्म-6 भरवाने में सहयोग दिया गया और यह जानकारी दी गई कि यदि किसी निर्वाचक का नाम आलेख्य मतदाता सूची में छूट गया है तो वह समय रहते आवेदन प्रस्तुत करे। नाम अपमार्जन के लिए फार्म-7 तथा मतदाता सूची में प्रविष्टि संशोधन अथवा स्थानांतरण के लिए फार्म-8 मय घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्थानांतरण की स्थिति में फार्म-6 नहीं, बल्कि फार्म-8 ही भरा जाए।





निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन की आधारशिला है। यदि किसी क्षेत्र में ऐसे नाम दर्ज हैं जिनके धारक स्थानांतरित हो चुके हैं अथवा जिनका निधन हो गया है, तो इसकी सूचना संबंधित बीएलओ को अवश्य दी जाए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता सूची से संबंधित सभी आवश्यक सुधार पूर्ण कर लें। उनका कहना था कि जागरूक नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होते हैं और प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र को वास्तविक मजबूती मिलती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के नागरिकों से अपील की कि वे अपने नाम का सत्यापन अवश्य करें और जिन पात्र नागरिकों के नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, वे समय रहते पंजीकरण कराएँ। उन्होंने कहा कि शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित मतदाता सूची के बिना निष्पक्ष निर्वाचन संभव नहीं है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवा मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराकर लोकतांत्रिक भविष्य के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही जिन मतदाताओं के नाम, पता, आयु या अन्य विवरण में कोई त्रुटि है, वे उसे समय रहते ठीक कराएँ, ताकि मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। अंत में अधिकारियों ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, पड़ोस व समाज के अन्य पात्र नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।


**शोक सन्देश**



**स्व. श्रीमती शारदा कौशिक**

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी परम पूज्यनीय माताजी श्रीमती शारदा कौशिक (धर्मपत्नी स्व. श्री श्रीनिवास कौशिक जी) का स्वर्गवास दिनांक 8 जनवरी 2026, दिन बृहस्पतिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी तेरहवीं (रस्म पगड़ी) दिनांक 19 जनवरी 2026, दिन सोमवार को होनी निश्चित हुई है।

19 जनवरी 2026 – दिन सोमवार
हवन ........................................ 9:00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज .................................. 12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी ................................ 2:00 बजे दोपहर
कार्यक्रम स्थल : चौधरी भवन, कविनगर, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार
अजय कौशिक (पुत्र), सुनील कौशिक (भतीजा), संजीव कौशिक (पुत्र)
ओम दत्त कौशिक (पुत्र), नीरज कौशिक (भतीजा), रवि दत्त कौशिक (पुत्र)
समस्त कौशिक परिवार
M.: 9350945639, 9811080024, 9810825608, 9999575600


### नए श्रम कानूनों के खिलाफ 12 फरवरी को बैठक

**नोएडा।** केंद्र सरकार द्वारा घोषित नए श्रम कानूनों के खिलाफ आगामी 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर चल रहे अभियान को और तेज करने के उद्देश्य से सेक्टर-8 नोएडा में गौतमबुद्धनगर सीटू कार्यकर्ता की एक बैठक हुई। इस दौरान श्रमिक नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के विभिन्न कंपनियों के बाहर प्रदर्शन कर नए श्रम कानून को खत्म करने की मांग करेंगे। बैठक में सीटू दिल्ली एनसीआर राज्य महासचिव कामरेड पीवी अनियन, जिला महासचिव रामस्वारथ, उपाध्यक्ष रामसागर, कोषाध्यक्ष सुनील पंडित, सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने लेबर कोड से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए कार्यकताओं से कहा किया कि वे मजदूरों के बीच जाकर उन्हें समझाएं कि 4 लेबर कोड मजदूरों की बेहतरी के लिए नहीं, मालिकों को लूट का लाइसेंस देने के लिए हैं। इसलिए उन्हें जागृत कर उनके हासिल हक व अधिकारों को बचाने के लिए 12 फरवरी 2026 को औद्योगिक हड़ताल करने के लिए तैयार रहें।

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नए अध्यक्ष बने अनिल गुप्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने संगठन को मजबूती प्रदान करने और युवाओं को व्यापारिक हितों से जोड़ने के उद्देश्य से युवा महानगर इकाई की नई टीम की घोषणा की है। यह घोषणा नया गंज स्थित संगठन के मुख्य कार्यालय (50, नया गंज) पर आयोजित एक बैठक के दौरान की गई।

जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने अनिल गुप्ता को युवा महानगर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही व्यापारिक हितों की रक्षा और संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय पदाधिकारियों की एक टीम गठित की गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने जिम्मेदारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

### चिन्टू जी







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।